नई दिल्ली
शनिवार, 25 मई 2024
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 44
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



09 तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय मिश्रित टीम फाइनल में, अंतिम-4 में पहुंची दीपिका

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# आज पीएम मोदी में 20 साल के युवा जैसी ऊर्जा, वे 18-19 घंटे काम करते हैं, ऐसा देश में 'एक' भी हो तो बता दीजिए ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आज के 'चुनावी संवाद' में हम एक ऐसे शख्स से संवाद करने जा रहे हैं जो खुद भी चुनाव लड़ रहे हैं और भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने के लिए उनके प्रचार प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

वे रात-दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी काम और उनकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पसीना बहा रहे हैं। हम उस चेहरे की बात कर रहे हैं जो ऊर्जावान है और पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का बेहतर तरीके से दायित्व संभाल रहे हैं। ये हैं अनुराग सिंह ठाकुर। ठाकुर का कहना है कि आज पीएम मोदी में 20 साल के युवा जैसी ऊर्जा है। वे 18-19 घंटे काम करते हैं। ऐसा देश में 'एक' भी हो तो बता दीजिए? जहां तक संघ परिवार का सवाल है तो वो हमारी विचारधारा है। हमें मार्गदर्शन मिलता है। आपको हमेशा मार्गदर्शन की जरूरत होती और आगे भी रहेगी। ठाकुर 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।



inh न्यूज विशेष

### ये भी बोले ठाकुर

- *जहां तक विपक्ष की बात है तो उनके पास न नेता है और न ही नीति है और नीयत भी ठीक नहीं है*
- *जहां तक संघ परिवार का सवाल है तो वो हमारी विचारधारा है। हमें मार्गदर्शन मिलता है। आपको हमेशा मार्गदर्शन की जरूरत होती और आगे भी रहेगी*

## उनसे सीधी बात

**सवाल:** 2014 के और 2024 के चुनाव में आप क्या अंतर देख रहे हैं?

**जवाब:** पहले लोग कांग्रेस के भ्रष्टाचार से परेशान थे जिसके कारण उन्होंने उस भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट किया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी काम और नीतियों से उत्साहित होकर मतदाता भाजपा के पक्ष में वोट कर रहा है। आज वोटर को लगता है कि दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है, भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। लोगों को उम्मीद है कि भारत को कोई विकसित बना सकता है तो वो केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। लोगों की उम्मीद पर पीएम मोदी खरे उतरे हैं इसलिए लोगों का उन पर और अधिक भरोसा बढ़ा है।

**सवाल:** क्या वजह है कि अपनी उपलब्धियों से ज्यादा विपक्ष पर निशाना साधा जा रहा है। क्या इसे विपक्ष की आहट मान सकते हैं?

**जवाब:** देखिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आम जनता के साथ बहुत ही बेहतर कम्यूनिकेशन है। देश के कुछ आंकड़ों को देखें तो पूरी तस्वीर स्पष्ट हो जाती है। छोटा सा उदाहरण है कि 4 करोड़ लोगों को पक्के मकान, 12 करोड़ शौचालय, 13 करोड़ घरों में नल से जल और 10 करोड़ बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हा और सिलेंडर मुहैया कराने का बड़ा लक्ष्य पूरा किया गया है। यही नहीं पांच लाख तक का 60 करोड़ लोगों को मुफ्त में इलाज और 80 करोड़ लोगों में मुफ्त में राशन के अलावा 11 करोड़ किसानों को सम्मान निधि देने का जो मोदी सरकार ने काम किया है इससे हमारी सीधी कनेक्टिविटी आम जनता से हुई है। जहां तक विपक्ष की बात है तो उनके पास न नेता है और न ही नीति है और नीयत भी ठीक नहीं है। हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस पर हंसती है। वजह ये है कि दो रुपए किलो गोबर और 100 रुपए किलो दूध तो कांग्रेस खरीद नहीं पाई। वो क्या दे पाएगी?

**सवाल:** सब कुछ बेहतर था तो हिमाचल में विधानसभा चुनाव में आपकी सरकार क्यों नहीं बन पाई?

**जवाब:** हम सरकार बनाने में पॉइंट 9 प्रतिशत के कारण रह गए हैं। लेकिन बीते 15-16 महीने को देखें तो राज्य की कांग्रेस सरकार की टांय-टांय फिस हो गई। 9 एमएलए छोड़कर चले गए। आप थोड़ा समझिए। कांग्रेस सरकार ने 1500 रुपए प्रति माह महिलाओं को देने का वादा किया था। 15 माह बीत गए। फूटी चवन्नी नहीं मिली। 5 लाख युवाओं को नौकरी देने की बात की थी, 300 यूनिट बिजली मुफ्त में देने का वादा किया था। ये सब कहां है, किसी को कुछ नहीं मिला।

**सवाल:** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बारे में आप क्या कहेंगे?

**जवाब:** जेल जाने और भ्रष्टाचार करने में कीर्तिमान ▶▶ शेष पेज 5 पर






### नाले से शव तलाशने के दौरान आरोपी ने की पुलिस की पिस्टल छीन भागने की कोशिश

# साढ़े तीन साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



कापसहेड़ा इलाके से एक साढ़े तीन साल की मासूम बच्ची को अगवा करने के बाद हवस का शिकार बनाया गया। इसके बाद उसकी हत्या कर शव नाले में फेंक दिया गया। पुलिस ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर बच्ची का शव नाले से बरामद हो गया। आरोपी ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की। उसने पुलिस की पिस्टल छीनकर फायर किया, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। गोली उसके पैर में लगी है। आरोपी पीड़ित परिवार का पड़ोसी है। फिलहाल उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार बच्ची के अपहरण की सूचना पीसीआर कॉल के जरिये बुधवार रात करीब नौ बजे मिली थी। कॉलर ने बताया कि पड़ोसी मेरी लड़की को उठा कर ले गया है, उसने शिवा टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहनी हैं। कॉल मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची व आरोपी की तलाश शुरू कर दी। बच्ची के माता-पिता ने बताया कि वह पिछले पांच साल से यहां अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहे हैं। 22 मई को शाम करीब छह बजे शिकायतकर्ता की बेटी अपने घर के सामने खेल रही थी। तभी उनके पड़ोस में रहने वाले अनिल ने लड़की का अपहरण कर लिया। लड़की और आरोपी का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया। टीम ने आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। एक कैमरे में शाम लगभग सात बजकर पांच मिनट पर आरोपी को लड़की के साथ नाले की ओर जाते हुए देखा गया। उसी कैमरे में वह लगभग सवा सात बजे लड़की के बिना अकेले वापस लौटते हुए भी दिखा। आरोपी की तलाश में कई मार्गों पर वाहनों की जांच भी की गई। आखिर में रात लगभग 11:55 बजे कानपुर की ओर जा रही एक बस से उसे दबोचा गया। शुरुआत में अनिल ने अपहरण की घटना में शामिल होने से इनकार किया, लेकिन लगातार पूछताछ करने पर वह टूट गया। उसने बच्ची की हत्या कर शव गुरुग्राम और कापसहेड़ा की सीमा पर एक नाले में फेंक दिया था। कई घंटों की तलाशी अभियान के बाद आखिरकार लड़की का शव नाले से बरामद कर लिया गया। उसी दौरान आरोपी ने भागने की कोशिश की। उसने एक पुलिसकर्मी की सर्विस रिवॉल्वर भी छीन ली और पुलिसकर्मियों पर फायर किया। पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की और गोली आरोपी के पैर में लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

■ सेल्फ डिफेंस में पुलिस ने चलाई गोली, पैर में लगने से घायल हुआ आरोपी

## बिभव कुमार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। वह शनिवार से पुलिस की हिरासत में हैं।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कुमार की चार दिन की न्यायिक हिरासत के अनुरोध संबंधी अभियोजन पक्ष के आग्रह को स्वीकार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को कुमार को गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस ने अपने रिमांड आवेदन में कहा कि जांच के दौरान गवाहों के बयानों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक, वैज्ञानिक और चिकित्सा साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि बरामद नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर (एनवीआर) में वर्तमान मामले से संबंधित प्रासंगिक सामग्री होने की बात कही गई है, जिसे प्रक्रिया के अनुसार जब्त कर लिया गया है और इसे फोरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा जांच और विश्लेषण के लिए भेजा गया है। इस रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है और इसके जल्द ही प्राप्त होने की उम्मीद है। आवेदन में दावा किया गया है कि कुमार जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और सवालों का जवाब देने में टाल-मटोल कर रहे हैं और अपने मोबाइल फोन का पासवर्ड भी नहीं बता रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि मामले की जांच कर रही टीम मुंबई में है और उसके जल्द ही लौटने की संभावना है।

कुमार के वकील ने एक आवेदन दायर कर उस दिन के केजरीवाल के आवास से एकत्र किए गए सीसीटीवी फुटेज की एक प्रति मांगी, जब मालीवाल से कथित तौर पर मारपीट की गई थी। विशेष लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इस स्तर पर कानून के तहत आरोपी को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराई जा सकती है। अदालत ने कुमार की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## जानकार महिला की सिम पोर्ट कर लाखों की ठगी करने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



साइबर पुलिस नॉर्थ ने एक युवक को जानकार महिला के साथ धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसने पीड़ित के सिम को पोर्ट कर यूपीआई आईडी के जरिये एक लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की थी। आरोपी का नाम सचिन कुमार (19) निवासी सरकी, जिला बदांयू, उत्तर प्रदेश बताया गया है। दिल्ली में वह जुलाहा बस्ती, बुराड़ी में रह रहा था। आरोपी को बुराड़ी से ही पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार एक महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। उनके खाते से केवल दो दिनों के भीतर 1.30 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिये गये थे। जांच के दौरान, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, आईएमईआई और मनी ट्रेल्स का विस्तृत तकनीकी विश्लेषण किया गया। बैंक खातों का भी विश्लेषण किया गया। पता चला कि जालसाज ने एक रैपिडो बाइक बुक की थी। उसने शिकायतकर्ता के फोनपे यूपीआई के माध्यम से रैपिडो ड्राइवर को पैसे का भुगतान किया था। रैपिडो ड्राइवर जांच में शामिल हुआ और उसके माध्यम से जांच टीम बुराड़ी तक पहुंची। इसके बाद 22 मई को बुराड़ी में छापेमारी कर सचिन नामक युवक को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान, आरोपी सचिन कुमार ने खुलासा किया कि उसने डेस्कटॉप पब्लिशिंग (डीटीपी) और वेब डिजाइनिंग कोर्स किया है, जिसमें उसने सोशल नेटवर्किंग साइट्स और तकनीकी गैजेट्स को हैंडल करने वाले सभी गुर सीखे थे। हाल ही में उसकी परिचित महिला ने अपना मोबाइल अपडेट करने के लिए उससे कहा, तो आरोपी को ठगी का आईडिया आया। उसने पीड़ित महिला के मोबाइल नंबर का यूनिक पोर्टिंग कोड कॉपी कर लिया और एक अलग आधार कार्ड पर एक नया सिम जारी करवा लिया। फिर अपने मोबाइल का उपयोग करके, कथित तौर पर पीड़ित महिला की आईडी दर्ज करके फोनपे ऐप में लॉगिन किया। चूंकि नंबर कथित मोबाइल फोन में चल रहा था, इसलिए फोनपे ऐप द्वारा सत्यापन सफलतापूर्वक हो गया। इसके बाद सचिन ने सारी रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर कर ली।

## अलीपुर के बैंक्वेट हॉल में लगी भीषण



हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

अलीपुर इलाके के एनएच44 स्थित कार्निवल बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है। गाड़ियां आग पर काबू पाने में घंटों जुटी रही। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखी जा रही है। धुएं के कारण हाईवे पर लंबा जाम भी लग गया।

■ धुएं के कारण हाईवे पर लंबा लगा जाम

दमकल विभाग के अनुसार अलीपुर इलाके के एक बैंक्वेट हॉल में आग लगने की सूचना दोपहर लगभग 2:00 बजे मिली थी। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया की मौके पर 13 फायर की गाड़ियां आग बुझाने के लिए भेजी गई। साथ ही 65 से ज्यादा फायरकर्मी आग बुझाने में जुटे रहे। राहत की बात यह रही कि आग में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।


### उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09242218A | ब्रेक सिलिंडर 355 एम एम | 499 नग | 19-06-24 |
| 02 | 09242535 | कास्ट स्टील बोल्स्टर | 186 नग | 20-06-24 |
| 03 | 09242383 | सेंटर पिवोट रिंग | 4177 नग | 10-07-24 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 17 / 2024–2025 दिनांक 24.05.2024 1564/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड

CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजीकृत कार्यालय : ई–253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली–110092
E-Mail: info@sidhmanagement.in ; Website: www.sidhmanagement.in

**31 मार्च 2024 को समाप्त चतुर्थ तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार**
**[ सेबी ( एलओडीआर ) नियमनों, 2015 के नियमन 47( 1 )( बी ) देखें ]**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अंकेक्षित 31 मार्च, 2024 | अअंकेक्षित 31 दिसम्बर, 2023 | अंकेक्षित 31 मार्च, 2023 | अंकेक्षित 31 मार्च, 2024 | अंकेक्षित 31 मार्च, 2023 |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 19.348 | 19.267 | (7.518) | 68.340 | 32.983 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (21.712) | 15.825 | (13.231) | 16.999 | 18.137 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (21.712) | 15.825 | (13.231) | 16.999 | 18.137 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (21.712) | 15.825 | (13.231) | 15.769 | 18.370 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (21.712) | 15.825 | (13.231) | 15.769 | 18.370 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 211.750 | 211.750 | 211.750 | 211.750 | 211.750 |
| 7 | रिजवर्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | | 335.369 | 319.600 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) बेसिक एवं डायल्युटेड | (1.025) | 0.747 | (0.625) | 0.745 | 0.868 |

**टिप्पणी** : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये समाप्त तैमाहिक और वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट यथा www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/–
दिनेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
डीआईएन : 07526355

दिनांक : 24 मई 2024
स्थान : दिल्ली


## पश्चिम बंगाल का एजेंट बनाता था जाली दस्तावेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने नकली आधार कार्ड व पैन कार्ड बनाने के आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। इसने एक बांग्लादेशी नागरिक को भारतीय पहचान देकर कुवैत भेजने का प्रयास किया था। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट की व्यवस्था की गई थी। बांग्लादेशी नागरिक 2003-04 में अवैध रूप से भारत आया था और यहीं रहने लगा था।

■ आईजीआई पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार एजेंट का नाम राशिद सिराजुल मुल्ला है। वह उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। इसके खिलाफ गत वर्ष 23 नवंबर को आईजीआई हवाई अड्डा पुलिस ने केस दर्ज किया था। आरोपी ऐसे सिंडिकेट में शामिल था जो बांग्लादेशी नागरिकों के नकली भारतीय दस्तावेज तैयार कर उन्हें विदेश भेजने में मदद करता था।

### आईपीयू: 31 मई तक काउंसलिंग में आवेदन करने का अवसर

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी में एमबीए कैट स्कोर से और एलएलबी एवं एलएलएम क्लैट स्कोर से के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया चल रही है। यह काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन मोड में है। आईपी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जिन आवेदकों ने आवेदन शुल्क 1,500 रुपए जमा करा रखे हैं वे अब 31 मई तक 1,000 रुपए काउन्सलिंग भागीदारी शुल्क के रूप में जमा करा सकते हैं। जिन आवेदकों ने आवेदन शुल्क के 1,500 रुपए अभी तक जमा नहीं कराए हैं वे इसे भी काउंसलिंग भागीदारी शुल्क के साथ 31 मई तक जमा करा सकते हैं। बी टेक में जेईई के आधार पर काउंसलिंग की प्रक्रिया चल रही है। 5 जून तक इसके लिए एक साथ आवेदन शुल्क और काउंसलिंग भागीदारी शुल्क जमा कराया जा सकता है।

## व्हाट्सएप ट्रेडिंग स्कैम से लगाया था 23 लाख का चूना, दो अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने 23 लाख से ज्यादा की ठगी में शामिल एक युवा जोड़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपी व्हाट्सएप ट्रेडिंग स्कैम में शामिल थे। लोगों को स्टॉक मार्केट में निवेश पर हाई रिटर्न का झांसा देते थे। आरोपियों के नाम जय पाल (26) और भूपेन्द्र (24) है। दोनों जिला हनुमानगढ़, राजस्थान के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार सुमित शर्मा नामक शख्स ने धोखाधड़ी वाली ट्रेडिंग स्कीम के झांसे में आकर 23 लाख 30 हजार रुपये की ठगी के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। दरअसल ठगों ने उन्हें मार्क बिलसन इंस्टीट्यूशनल स्ट्रैटेजिस्ट सेंटर नामक एक व्हाट्सएप ट्रेडिंग ग्रुप में जोड़ा गया था। समूह की वेबसाइट के माध्यम से शेयरों में निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया था। प्रारंभ में उन्हें छोटे निवेशों पर काफी लाभ प्राप्त हुआ। विश्वास बनने के बाद बड़ी राशि का निवेश कर दिया और ठगी का शिकार हो गये। पुलिस ने जांच शुरू की और दोनों आरोपियों को जयपुर से दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी व्यक्तियों ने ठगी में संलिप्तता स्वीकार ली और खुलासा किया कि उन्होंने जालसाजों के एक बड़े नेटवर्क के साथ काम किया है।


### SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED

Regd.off : 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036 Fax : 011-28315044
Corp.Off : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-8, Gurgaon (Haryana)-122001, Ph.0124-2719000, Fax : 0124-2719100
CIN: L26912DL1991PLC045449 , Website : www.sainikfinance.com , Email : info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com

**Extract of Statement of Standalone Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31 March 2024**

(Rs. in Lakhs)

| Sl. | Particulars | 3 months ended (Audited) | 3 months ended (Reviewed) | Corresponding 3 months ended in the previous year (Audited) | Year to date figures for current year ended (Audited) | Previous Accounting Year ended (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
| 1 | Total Income from operations | 369.29 | 377.38 | 441.86 | 1,532.59 | 1,824.19 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items) | 65.47 | (53.04) | 178.72 | 267.86 | 233.83 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 65.47 | (53.04) | 178.72 | 267.86 | 233.83 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 49.02 | (39.70) | 168.87 | 200.46 | (8.75) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 49.02 | (39.70) | 168.87 | 201.86 | (15.94) |
| 6 | Equity Share Capital (face value of the share : Rs.10 each) | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) as per previous financial year | - | - | - | 2,654.44 | 2,452.56 |
| 8 | Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) 1. Basic : | 0.45 | (0.36) | 1.55 | 1.84 | (0.08) |
| | 2. Diluted : | 0.45 | (0.36) | 1.55 | 1.84 | (0.08) |

Notes:-

1. The above is an extract of the detailed format of Financial Result for the quarter and year ended 31 March 2024 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements ) Regulation, 2015. The full format of the quarter and annual financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2. The above financial result were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 24 May, 2024.
3. The auditor have carried out audit of the financials for the quarter and for the financial year ended on 31 March 2024 as required under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulation 2015 and the related unmodified Audit Report on the same forwarded to the Stock Exchanges.
4. The figures for the 3 months ended on 31 March 2024 and corresponding 3 months ended on 31 March 2023 are balancing figure in respect of the full financial year and the year to date figures upto the third quarter of the respective financial years.
5. Previous periods'/years' figures have been regrouped /recasted wherever necessary.

For and on behalf of the Board
Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Rudra Sen Sindhu
Director
(DIN-00006999)

Place: Gurugram (Haryana)
Date: 24 May 2024


## सेप्टिक टैंक में पाइप लगाने उतरे दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले के सरिता विहार इलाके में शुक्रवार दोपहर सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। एक मृतक का नाम राजप्रकाश सिंह (60) बताया गया है। दूसरे की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भिजवाये हैं। फिलहाल मकान मालिक इकबाल फरार है।

पुलिस के अनुसार दोपहर लगभग एक बजकर सात मिनट पर पीसीआर कॉल प्राप्त हुई कि पुराना जसोला गांव में दो आदमी गटर में गिर गए हैं। थाना सरिता विहार की पुलिस कॉल मिलने के बाद मौके पर पहुंची। पता चला कि इकबाल निवासी ई 78, पुराना जसोला गांव के सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए दो व्यक्तियों को बुलाया था। दोनों ट्रैक्टर टैंक मशीन की सहायता से टैंक की सफाई कर रहे थे। दो बार कचरे को पाइप के माध्यम से ट्रैक्टर टैंक में डाला गया। तीसरी बार दोनों व्यक्ति सेप्टिक टैंक में घुस गए क्योंकि वाल्व फिट नहीं था। टैंक में प्रवेश करते ही दोनों बेहोश हो गए। दमकल विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया और दोनों व्यक्तियों को टैंक से बाहर निकाला अस्पताल भेजा गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एक व्यक्ति की पहचान राजप्रकाश सिंह पुत्र छिद्दा सिंह निवासी सी 34, गली नंबर 16 ई, मोलडबंद एक्सटेंशन के रूप में हुई है। वह ट्रैक्टर चालक था। अन्य की पहचान का प्रयास पुलिस कर रही है। अन्य तथ्यों का भी सत्यापन किया जा रहा है। इकबाल सिंह अभी भी फरार है।

नई दिल्ली
शनिवार, 25 मई 2024
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 44
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 43
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




09 सिंधू अंतिम-4 में पहुंची अश्मिता हारकर बाहर

haribhoomi.com


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

### पायलट की सूझबूझ से बच गई छह यात्रियों की जान



एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में शुक्रवार को एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराब होने के बाद पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित लैंडिंग कराई है। हेलीकॉप्टर में सवार सभी 6 यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। केदारनाथ धाम से ठीक 100 मीटर पहले हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। शुक्रवार सुबह भी क्रिस्टल एविएशन का हेलीकॉप्टर सवारियों को लेकर उड़ा। लेकिन केदारनाथ धाम से ठीक 100 मीटर पहले पहाड़ी पर क्रिस्टल एविएशन हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी रूद्रप्रयाग से मिली जानकारी के अनुसार पायलट सहित 06 यात्रियों को लेकर सिरसी हेलीपैड से केदारनाथ धाम के लिए निकला। क्रिस्टल एविएशन कंपनी के हेली को कुछ ▶▶ शेष पेज 5 पर

# गरीब सवर्ण परिवार के बच्चों को भी 10% आरक्षण देने का फैसला

## शिमला में बोले पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब सवर्णों के आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर बड़ा हमला किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सवाल उठाया कि क्या ब्राह्मण, बनियों में भी गरीब नहीं होते, क्या उनके बच्चों को भी आरक्षण नहीं मिलना चाहिए? प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने इस तरफ कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने गरीब सवर्ण परिवार के बच्चों को भी 10 फीसदी आरक्षण देने का फैसला किया। पीएम मोदी ने इसी के साथ ओबीसी कोटे से मुस्लिमों को आरक्षण देने पर भी कांग्रेस पर हमला बोला।



पीएम ने पूछा-क्या ब्राह्मण व बनियों में भी गरीब नहीं होते?

## कांग्रेस सरकार ने ब्रह्मोस मिसाइल के निर्यात में की देरी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सरकार में ब्रह्मोस मिसाइल डील को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यूपीए सरकार ने पॉलिटिकल क्लीयरेंस नहीं होने का हवाला देकर कई बार ब्रह्मोस मिसाइल निर्यात पर रोक लगाई। यूपीए सरकार के समय से फैसला न लेने की वजह से कई बार ब्रह्मोस मिसाइल का निर्यात नहीं हो सका। 2014 में भाजपा की सरकार बनने से पहले भी कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने फिलीपींस के दौरे पर जा रही ब्रह्मोस एयरोस्पेस की टीम को रोक दिया गया, इसकी वजह पॉलिटिकल क्लीयरेंस दिया गया। इस खुलासे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, कांग्रेस की लटकाने, भटकाने, अटकाने और बीच में मोटी मलाई मारने की आदत ने देश के रक्षा क्षेत्र को सबसे बड़ा आघात पहुंचाया है।

### छठे चरण की लोकसभा सीटों पर कुल 889 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

# आठ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की 58 संसदीय सीटों पर 'मतदान' आज

मनोहर लाल, धर्मेंद्र प्रधान, मेनका गांधी, महबूबा मुफ्ति, राज बब्बर, कुमारी सैलजा, धर्मेंद्र यादव, राधा मोहन सिंह, मनोज तिवारी, कन्हैया कुमार, दीपेंद्र हुड्डा और रंजीत चौटाला सहित कई प्रमुख चेहरे उम्मीदवारों में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत आज शनिवार को मतदान होगा। आठ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 58 संसदीय क्षेत्रों में मतदान होना है। सबसे ज्यादा 14 लोकसभा सीटें उत्तर प्रदेश की हैं। इसके अलावा हरियाणा की दस और दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर भी आज उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी।

बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, ओडिशा की छह और झारखंड की चार सीटें शामिल है। जिन सीटों पर चुनाव होगा उनमें जम्मू-कश्मीर का अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र भी है, जहां मतदान तीसरे चरण की बजाय छठे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, राव इंद्रजीत, राज बब्बर, मनोज तिवारी, दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, कुमारी सैलजा, नवीन जिंदल, राधा मोहन सिंह, कन्हैया कुमार सहित कई प्रमुख उम्मीदवार छठे चरण में किस्मत आजमा रहें हैं। 2019 में इन 58 में से 40 सीटें भाजपा ने जीती थीं। वहीं दूसरे स्थान पर बसपा के खाते में चार सीटें गई थीं जबकि कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। पिछले चुनाव में इन 58 सीटों पर कुल 64.22 फीसदी वोट पड़े थे। सबसे ज्यादा 84.59 फीसदी मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ था। वहीं, सबसे कम 8.98 फीसदी मतदान जम्मू-कश्मीर में दर्ज किया गया था। भारत चुनाव आयोग कहा है ▶▶ शेष पेज 5 पर

11 करोड़ 13 लाख मतदाता, 1 करोड़ 14 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर होगी वोटिंग

ओडिशा में 42 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी साथ-साथ मतदान





### छठे चरण से संबंधित तथ्य

आम चुनाव 2024 के छठे चरण के लिए मतदान 25 मई, 2024 को 8 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 58 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (सामान्य- 49, एसटी- 02, एससी- 07) के लिए होगा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और मतदान समाप्ति का समय संसदीय क्षेत्रों के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। ओडिशा विधानसभा के 42 विधानसभा क्षेत्रों (सामान्य-31, एसटी-05, एससी-06) के लिए भी साथ-साथ मतदान होगा। लगभग 11.4 लाख मतदान अधिकारी 1.14 लाख मतदान केंद्रों पर 11.13 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। कुल 11.13 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 5.84 करोड़ पुरुष, 5.29 करोड़ महिलाएं और 5120 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### डीओटी ने दिया आदेश

# छह लाख मोबाइल नंबर हो सकते हैं बंद, मांगी लिस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश के सभी मोबाइल यूजर्स के लिए बड़ी खबर है। सरकार ने करीब 6 लाख मोबाइल नंबर को बंद करने का आदेश दिया है। टेलीकॉम विभाग ने टेलीकॉम कंपनियों को एक लिस्ट देकर कहा है कि करीब 6 लाख 80 हजार मोबाइल कनेक्शन को दोबारा चेक किया जाए। विभाग को संदेह है कि इन सभी मोबाइल नंबर को फर्जी या नकली डॉक्यूमेंट के आधार पर लिया गया है।

इसके अलावा विभाग को यह भी संदेह है कि सिम किसी के नाम पर है और इस्तेमाल कोई और ही कर रहा है। इसके लिए टेलीकॉम विभाग ने मोबाइल कंपनियों को 60 दिन का समय दिया है। विभाग की ओर से साफतौर पर कहा गया है कि यदि 60 दिनों में इन नंबर्स की जांच पूरी नहीं होती है तो इन्हें बंद कर दिया जाएगा। दरअसल, देश में फर्जी मोबाइल नंबर के जरिए होने वाले फ्रॉड की संख्या काफी बढ़ गई है। आए दिन लोगों के साथ धोखाधड़ी हो रही है और जांच के बाद पता चल रहा है कि जिसके नाम पर सिम कार्ड है उसे उस सिम के बारे में कोई खबर ही नहीं है। इन 6 लाख नंबर की पहचान टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से की है। हाल ही में टेलीकॉम विभाग ने करीब 1.7 करोड़ से ज्यादा फर्जी मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिए हैं और साइबर क्राइम में शामिल करीब 0.19 लाख मोबाइल नंबर को ब्लॉक किया गया है। एक अभियान के तहत अभी तक करीब 1.34 अरब मोबाइल कनेक्शनों की जांच की गई है।




## ईवीएम संचालन के दोबारा प्रशिक्षण के बाद

# डीईओ के निर्देशन में पोलिंग पार्टियों की हुई रवानगी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशन में विधानसभा वार अलग-अलग स्थानों से पोलिंग पार्टियों को उनके पोलिंग बूथों के लिए रवाना किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशन में विधानसभा वार अलग-अलग स्थानों से पोलिंग पार्टियों को उनके पोलिंग बूथों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रवानगी केंद्रों का दौरा करते हुए पोलिंग पार्टियों में शामिल कर्मचारियों से सीधी बातचीत की।

जिला फरीदाबाद में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत छह मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां स्ट्रोंग रूम भी स्थापित किए गए हैं। इनमें सुषमा स्वराज महाविद्यालय बल्लभगढ़, गुर्जर भवन, पंजाबी भवन, एनआईटी लखानी धर्मशाला, दौलतराम धर्मशाला और सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल का सभागार शामिल हैं। इन स्थानों से आज पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया, जिसके पहले सभी स्थानों पर पोलिंग पार्टियों को विस्तार से ट्रेनिंग दी गई। सभी पार्टियों को पुनरू ईवीएम संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। कर्मियों की शंकाओं का समाधान किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने सभी केंद्रों का दौरा करते हुए गंभीरता से सारी प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटिरत कर्मचारियों से पोलिंग के संदर्भ में सवाल भी किए।



### वेबकास्टिंग के माध्यम से हर पोलिंग बूथ पर रखेंगे कड़ी नजर

#### सभी केंद्रों में स्थापित स्ट्रांग रूम का भी लिया जायजा

उन्होंने सभी केंद्रों में स्थापित स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। साथ में सहायक निर्वाचन अधिकारियों से बातचीत करते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के तहत सभी पोलिंग बूथों की वेबकास्टिंग करवाएंगे, जिसका कंट्रोल रूम लघु सचिवालय में स्थापित किया गया है। वेबकास्टिंग की सहायता से सभी बूथों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। हर प्रकार की छोटी-बड़ी घटना कैमरे में कैद होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि 25 मई को मतदान सुबह 7 बजे शुरू होकर सायंकाल 6 बजे तक जारी रहेगा। उन्होंने गर्मी की अधिकता को देखते हुए मतदाताओं से अपील की कि वे सुबह जल्दी वोट डालने को प्राथमिकता दें।

---

### गुरु गोरक्षनाथ के दिखाए मार्ग पर चले समाज



**फरीदाबाद।** शिव अवतारी महायोगी गुरु गोरक्षनाथ जी प्रकटोत्सव में बड़ी संख्या में साधु-संत, जोगी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर साध्वी प्राची ने अपने भाषण से लोगों में जोश भरा। धर्म रक्षा संत सम्मेलन व भव्य विशाल शोभा यात्रा का आयोजन भी हुआ। जिसमें अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी तेजपाल सिंह बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे।

### 25 मई को मतदान कर पाए वाटर पार्क में छूट



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान करने को लेकर पूरे शहर में छूट का सिलसिला चल रहा है इसी कड़ी में प्रसिद्ध वाटर पार्क फनमैक्स भी जुड़ गया है जिसमें 25 मई को मतदान कर अपनी उंगली पर लगा स्याही का निशान दिखाने पर वाटर पार्क में 30 प्रतिशत की छूट का फायदा मिलेगा। फनमैक्स वाटर पार्क के संचालक रान्ती देव गुप्ता ने यह जानकारी दी है।

### सेवानिवृत बैंक अधिकारी अधिकारी शव बरामद



**गाजियाबाद।** वैशाली में बैंक से 65 वर्षीय सेवानिवृत अधिकारी का शव मिला है। शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि शव कम से कम तीन पुराना है। वह अकेले ही फ्लैट में रहते थे। फ्लैट से बदबू आने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### चुनावी रोड शो के दौरान गायब हो गया पर्स



फरीदाबाद। ओल्ड फरीदाबाद मार्केट में एक राजनीतिक दल के प्रत्याशी को माला पहनाते समय दुकानदार का पर्स गायब हो गया। थाने में प्रेम प्रकाश कटारिया ने दी। बताया कि उनकी ओल्ड फरीदाबाद की में फैंसी साड़ी सेंटर के नाम से दुकान है। 23 मई को मार्केट से रोड शो निकल रहा था। इस दौरान किसी ने उसकी जेब से पर्स निकाल लिया। पर्स में 10 हजार 500 रुपए, चांदी का पत्रा व अन्य दस्तावेज थे।

### पैदल जा रहे युवक को कैंटर ने कुचला, मौत



**गुरुग्राम।** पटौदी थाना क्षेत्र में एक युवक को पैदल जाते समय कैंटर ने कुचल दिया, जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई झज्जर निवासी रोहताश ने बताया कि वह भौंडाकला में किराए पर रहता है। उसका भाई 32 वर्षीय प्रवीण भी उसी के साथ रहता था।

---

## 40 करोड़ का कर्जा, ठप पड़ा व्यापार

# एक ही परिवार के 6 लोगों ने काट ली हाथ की नस घी काराबोरी की मौत, 5 सदस्य अस्पताल में भर्ती

हरियाणा के फरीदाबाद में रहने वाले एक व्यापारी के पूरे परिवार ने हाथ की नस काट कर खुदकुशी करने की कोशिश की है। पुलिस ने कहा है कि पूरे परिवार पर 40 करोड़ रुपए का कर्जा है और लेनदार लगातार उन्हें परेशान कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

यहां एक परिवार के 6 लोगों ने एक साथ नस काट कर खुदकुशी करने की कोशिश की है। पुलिस के मुताबिक यह पूरा परिवार कर्ज में डूबा है और वसूली वालों से बहुत परेशान हो गया है। इसी वजह से सभी ने हाथ की नस काटी है। खुदकुशी की कोशिश करने वालों में एक वृद्ध की मौत हो गई है जबकि अन्य लोगों का अस्पताल में गंभीर हालत में इलाज जारी है।

यह पूरा मामला फरीदाबाद के सेक्टर 37 का है। यहां पर अनिरुद्ध अपनी पत्नी निधि, पिता श्याम गोयल, मां साधना, बेटे धनन्जय और हिमांक के साथ रहते हैं। इनके परिवार का दिल्ली में घी और तेल का कारोबार है। लेकिन लंबे वक्त से इनका व्यापार घाटे में जा रहा है जिसकी वजह से उन्होंने बाजार से 40 करोड़ रुपए का कर्जा लिया है। कर्जे की वजह से लोग उन्हें लगातार धमका रहे हैं।

**खास बातें**

- लंबे वक्त से व्यापार में हो रहा है घाटा
- कर्जे की वजह से कर्जदार उन्हें लगातार धमका रहे हैं
- दिल्ली में है घी और तेल का कारोबार



#### कर्जे में डूबा है परिवार

इसी के चलते पूरे परिवार ने शुक्रवार को अपने हाथ की नस काट ली। जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती किया गया है। खुदकुशी की कोशिश में वृद्ध पिता श्याम गोयल की मौत हो गई है। वहीं बाकी लोगों का इलाज चल रहा है। इस पूरे मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर किशन मुंबई, स्वामी जी अहमदाबाद, सन्नी जैन रोहिणी, गैरी उर्फ दीवानसुख दुबई, रॉकी, आकाश और 10 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

#### गुरुवार को भी आए थे धमकाने

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित अनिरुद्ध ने बताया कि गुरुवार को भी पैसे मांगने वाले उनके घर पर आए थे और उन्हें धमकियां देने लगे। इसके बाद उनके गार्ड को भी उन्होंने गाड़ी में बिठा लिया और दूर तक ले गए। इसके बाद उसके साथ मारपीट करके उसे लाजपत में छोड़ा और फरार हो गए। अनिरुद्ध का पूरा परिवार लगातार वसूली करने वालों की धमकियों से परेशान था। लोग उन्हें जान से मारने की धमकी दिया करते थे। इसी वजह से उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया है।

---

## महेन्द्र प्रताप ने विकास, भाईचारे और खुशहाली के लिए की वोट की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



**फरीदाबाद।** लोगों से वोट डालने की अपील करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह।

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज शुक्रवार को जहां अपने चुनावी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को बूथ मैनेजमेंट के गुर सिखाए। इस दौरान उन्होंने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के विकास और खुशहाली के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज 25 मई को होने वाला चुनाव अपने फरीदाबाद-पलवल की दशा और दिशा बदलने का चुनाव है। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों के विकास के सपनों को पूरा किया जा सके इसके लिए मतदान जरूरी है। कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आपके द्वारा दिया गया एक-एक वोट आपके क्षेत्र की ख़ुशहाली व 36 बिरादरी व हर वर्ग के भाईचारे में सहायक होगा। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील भी की।

## फरीदाबाद राजस्व सीमा के भीतर

# ड्रोन या कोई भी उड़ान वाली वस्तु पर 3 दिन तक पूर्ण प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिलाधीश ने कहा कि जिला फरीदाबाद में कानून और व्यवस्था की समस्याओं, सुरक्षा खतरों और असामाजिक तत्वों और अन्य लोगों द्वारा ड्रोन के दुरुपयोग की संभावना को देखते हुए ड्रोन और उड़ान वाली वस्तुओं आदि को उड़ाने पर तत्काल प्रतिबंध लागू करने के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश जिला फरीदाबाद की राजस्व सीमा के भीतर 24 मई 12.01 पूर्वाह्न से 26 मई रात्रि 11.59 बजे तक यानी 3 दिन की अवधि तक लागू रहेंगे।

#### सरकारी अधिकारी व एजेंसियां कर्तव्यों के सिलसिले में कर सकते हैं उपयोग

जिलाधीश विक्रम सिंह ने बताया कि यदि पुलिस कर्मी और अन्य सरकारी अधिकारी, एजेंसियां पूरी तरह से अपने आधिकारिक कर्तव्यों के सिलसिले में ड्रोन का उपयोग करते हैं, तो वे शर्तों के साथ ड्रोन का इस्तेमाल कर सकते हैं। पुलिस कर्मी और अन्य सरकारी अधिकारी अपनी सेवा वर्दी में हैं तथा वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए अपने आधिकारिक कर्तव्यों के संबंध में ड्रोन का उपयोग करने के लिए अधिकृत करने वाले अपने पहचान पत्र और प्राधिकरण कार्ड को साथ रखते हैं। यह छूट उपर्युक्त कर्मियों पर तभी लागू होती है जब वे आधिकारिक ड्यूटी पर हों।

#### फोटोशूट, शादी के लिए लेनी होगी अनुमति

कुछ सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान फोटोग्राफी के लिए ड्रोन का उपयोग करना, जिसके लिए जिला मजिस्ट्रेट, फरीदाबाद की पूर्व अनुमति लिखित रूप में प्राप्त की गई है, इन सामाजिक कार्यक्रमों में रिंग समारोह, प्री.वेडिंग फोटोशूट, शादी समारोह और सार्वजनिक कार्यक्रम जैसे राजनीतिक रैलियां आदि शामिल हो सकते हैं। जिलाधीश ने बताया कि इस आदेश की आकस्मिक प्रकृति को देखते हुए, इसे एक पक्षीय रूप से जारी किया जा रहा है तथा इन आदेशों का कोई भी उल्लंघन आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्रवाई को आमंत्रित करेगा।

---

# ठगों ने रिटायर्ड शिक्षिका के खाते से साढ़े पांच लाख उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

खाता ट्रांसफर कराने के लिए इंदिरापुरम की रिटायर्ड शिक्षिका को गूगल ने कस्टमर केयर नंबर खोजना भारी पड़ गया। यह नंबर साइबर ठगों का निकला, जिन्होंने डिटेल पूछकर अध्यापिका के खाते से साढ़े पांच लाख रुपए साफ कर दिए। फर्जीवाड़े का पता लगने पर पीड़िता ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस का कहना है कि जालसाजों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

इंदिरापुरम की सन टावर शिप्रा सनसिटी में रहने वाली कैलाश डबास का कहना है कि वह रिटायर्ड अध्यापिका हैं। उनका बैंक खाता नागरिक सहकारी बैंक दिल्ली में था। यह खाता उन्हें एसबीआई में ट्रांसफर कराना था। इसके लिए उन्होंने गूगल से बैंक का कस्टमर केयर नंबर खोजा और उस पर फोन किया।

उन्होंने बैंक खाता ट्रासंफर कराने के लिए कहा तो व्यक्ति ने संबंधित व्यक्ति से कॉल बैक कराने को कहा। कैलाश डबास का कहना है कि उनके पास राकेश नाम के व्यक्ति का फोन आया। कैलाश ने उनसे एटीएम कार्ड के आखिरी चार अंक तथा नाम-पता, खाता संख्या और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पूछा। सारी जानकारी देते ही उनके खाते से चार बार में 5.49 लाख रुपए कट गए।

## पिछले निर्णयों पर अमल न होने पर विभागों की डीएम ने ली क्लास

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी बैठक में लिए गए निर्णय के सापेक्ष कृत कार्यवाही के संबंधित प्रश्न किए गए। जिसमें जिलाधिकारी ने गत बैठक में लिए गए निर्णयों के कार्य पूर्ण नहीं होने पर जिलाधिकारी ने विभागों की जमकर क्लास ली।

बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण, जनपद की सड़क दुर्घटनाओं की अद्यावधिक तुलनात्मक समीक्षा, ब्लैक स्पॉट्स, परिवर्तन कार्यवाही की समीक्षा के साथ ही तीन या तीन से अधिक मृत्यु वाली सड़क दुर्घटनाओं की जांच सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने संभावित दुर्घटनास्थलों से 250 मीटर दूरी से पहले सांकेतिक बोर्ड व स्पीड लिमिट लिखने के निर्देश दिए। जेब्रा क्रासिंग, रैलिंग को लेकर सांकेतिक चिन्ह आदि को सही तरीके से दर्शाने के निर्देश दिए।


---

## विक्रम मावी हत्याकांड का एक ओर आरोपी

# 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

सवाट टीम ग्रामीण जोन तथा थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान विक्रम मावी हत्याकांड के एक ओर आरोपी व 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से बदमाश घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से 1 अदद तमंचा नाजायज मय जिंदा व खोखा कारतूस तथा 1 चोरी की मोटर साइकिल बरामद किया गया है।



एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि थाना लोनी बॉर्डर पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि 11 मई को थाना क्षेत्र लोनी बॉर्डर में पाइपलाइन रोड पर टीला के विक्रम मावी की हत्या करने वाले बदमाश टीला मोड की और से सेवाधाम की ओर मंडोली के रास्ते दिल्ली भागने की फिराक में है। सूचना पर थाना लोनी बॉर्डर पुलिस चौकी सेवाधाम से आगे टीला मोड़ की ओर सघन चैकिंग की।

तभी एक मोटरसाइकिल पर आ रहे संदिग्ध को टोर्च की रोशनी दिखा कर रोकने का प्रयास किया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ा कर वापस मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा तो मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गई। जिसके बाद बदमाश पुलिस टीम को निशाना कर जानलेवा फायर करने लगा। पुलिस टीम द्वारा भी आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिसमें बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश ने मौके पर ही पूछताछ में अपना नाम टिंकू उर्फ हेमंत निवासी राधा विहार थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद बताया। उसने बताया कि उसने तथा उसके साथियों ने ही पवन भाटी के साथ मिलकर विक्रम मावी की हत्या की है। अभियुक्त टिंकू उर्फ हेमंत की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित है। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## पार्षद की गिरफ्तारी का मामला

# चौकी व थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े आंदोलनरत नगर निगम पार्षद



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

राजीव कालोनी के पार्षद सुधीर कुमार की गिरफ्तारी का प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को पार्षद इकट्ठे होकर महापौर सुनीता दयाल से मिले और आगे की रणनीति पर चर्चा की। पार्षदों ने सामुहिक रूप से फैसला लिया है कि एडीसीपी कल्पना सक्सेना द्वारा शनिवार तक मांगी गई मोहलत का इंतजार किया जाए, उसके बाद भी यदि पुलिस पार्षदों की मांग पूरी नहीं करती तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

पार्षदों का कहना है कि पुलिस ने पार्षद की गिरफ्तारी कर एकतरफा कार्रवाई की है। पुलिस को किसी जनप्रतिनिधि को गिरफ्तार करने से पहले आरोपों की सत्यता की जांच करनी चाहिए थी। पार्षदों की मांग है कि संबंधित चौकी और थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए और जेल में बंद पार्षद सुधीर कुमार को रिहा किया जाए।

#### महापौर पर दबाव बनाया

उल्लेखनीय है कि पार्षद पर एक चाय की गुमटी लगाने वाले दंपत्ति ने मारपीट और लूटपाट का आरोप लगाया था। इस संबंध में वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पार्षद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की थी, ऐसा नहीं है कि पुलिस को पार्षदों की प्रतिक्रिया का अहसास नहीं था, गिरफ्तारी से पूर्व ही पार्षदों ने मेयर के यहां पहुंचकर दवाब बनाने का प्रयास किया था लेकिन फिर भी पुलिस ने मंगलवार को आरोपी पार्षद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बुधवार से पार्षद अपने साथी की गिरफ्तारी के विरोध में मेयर के नेतृत्व में आंदोलनरत हैं लेकिन अभी तक पुलिस कमिश्नर से सीधे मिलकर अपनी मांगें तक नहीं रख पाए हैं। बृहस्पतिवार को पार्षदों ने पुलिस कमिश्नर के घेराव का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोककर बैरंग लौटा दिया। पुलिस कर्मियों से उनकी नोंक झोक भी हुई।








### चुनाव कार्यालय और दिल्ली पुलिस ने की तैयारियां पूरी

# दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर मतदान आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में आज 25 मई को सात लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इन सभी सात सीटों पर भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आमने-सामने है। भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार के दम पर जीत का दावा किया है। वहीं, तेज गर्मी की संभावना को देखते हुए और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिल्ली चुनाव कार्यालय ने मतदान केंद्रों पर जरूरी सुविधाएं बढ़ाई हैं, साथ ही दिल्ली पुलिस ने किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जबकि जनता की नजरें आने वाली चार जून को मतगणना पर रहेगी। वहीं, उपराज्यपाल ने मतदाताओं से मतदान की अपील की है। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 1.52 करोड़ मतदाता करने वाले हैं। इन वोटरों में 82 लाख पुरुष मतदाता है जबकि 69 लाख महिला वोटर हैं और 1,228 थर्ड जेंडर वोटर हैं। दिल्ली में चुनाव के लिए 2,627 जगहों पर 13 हजार से अधिक बूथ बनाए गए हैं, जहां मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। दिल्ली में इस बार करीब 2.52 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### चुनाव में कौन कौन हैं आमने- सामने

दिल्ली लोकसभा चुनाव में पिछले दो चुनाव 2014 और 2019 में भाजपा ने सातों सीटों पर जीत हासिल की थी। इस बार भाजपा ने सात मौजूदा सांसदों में से छह का टिकट काट दिया है और उनकी जगह नए चेहरों को मौका दिया है। भाजपा ने मनोज तिवारी को एक बार फिर उत्तर पूर्वी दिल्ली से प्रत्याशी बनाया है। नई दिल्ली सीट पर भाजपा से प्रत्याशी बांसुरी स्वराज और इंडिया गठबंधन की तरफ से आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती हैं।

चांदनी चौक लोकसभा सीट से प्रवीण खंडेलवाल और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस से जय प्रकाश अग्रवाल है। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया और इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. उदित राज है। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा और इंडिया गठबंधन की तरफ से आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार हैं। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत और इंडिया गठबंधन से आप प्रत्याशी महाबल मिश्रा है। दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी इंडिया गठबंधन की तरफ से आप सहीराम पहलवान आमने सामने हैं।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

दिल्ली में चुनाव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पुलिस के आला अधिकारियों ने कहा है कि दिल्ली में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए 60 हजार सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा के लिहाज से उत्तराखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश से अर्धसैनिक बलों की 51 कंपनियां और 13,500 होमगार्ड के जवानों को बुलाया गया है। सुरक्षा मजबूत करने के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे की भी व्यवस्था की गई है। दिल्ली की 429 संवेदनशील केंद्रों सहित मतदान केंद्रों पर लगभग 33 हजार पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है।

### गर्मी के लिए बूथों पर होगी विशेष व्यवस्था

दिल्ली में मतदान आज सुबह सात बजे शुरू होगा। दिल्ली चुनाव कार्यालय के सीईओ पी कृष्णामूर्ति ने बताया कि दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। इस कारण मतदान केंद्रों पर वोटरों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिल्ली में 25 मई को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। इसको देखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर छायादार क्षेत्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें कूलर और पंखों लगे हैं। इसके अलावा वोट के लिए इंतजार करने वाले लोगों के लिए छायादार प्रतीक्षा स्थल बनाए गए हैं। हर मतदान केंद्र पर पीने के पानी, शौचालय, रैंप और व्हीलचेयर की उपलब्धता दी गई है।

### 13630 पोलिंग बूथों पर एजेंट रहेंगे तैनात : देवेंद्र

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए आज शनिवार को होने वाले मतदान के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में वार रूम, कंट्रोल रूम तैयार है और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने की बात कही है। इस मुददे पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि आज 25 मई 2024 को होने वाले मतदान को लेकर प्रदेश कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। दिल्ली के सभी 13630 पोलिंग बूथों पर इंडिया गठबंधन की सातों सीटों पर बूथ एजेंट और पोलिंग एजेंटों की जिम्मेदारी निभाऐंगे।

### भाजपा प्रत्याशियों ने अपने 83 दिनों के चुनावी अभियान के अनुभवों को किया साझा

नई दिल्ली। जिस प्रकार से लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जनता का उत्साह देखा है और जिस तरह सातों सांसद प्रत्याशियों को प्यार मिला है उसे देखते हुए हमें विश्वास है कि हम सातों सीट जीतेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने अनौपचारिक वार्ता में पत्रकारों के साथ अपने 83 दिनों के चुनावी अभियान के अनुभवों को शुक्रवार को साझा करते हुए उक्त बातें कही। चुनावी थकान उतारने के बाद प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा सहित भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी, मनोज तिवारी, हर्ष मल्होत्रा, कमलजीत सहरावत, योगेन्द्र चंदोलिया, बांसुरी स्वराज एवं प्रवीण खंडेलवाल ने अपने अनुभव सांझा किये। वहीं, दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संयोजित चर्चा बैठक में मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल आदि भी उपस्थित थे। कपूर ने चिलचिलाती गर्मी में चुनाव प्रचार मे सहयोग के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही मीडिया कर्मियों का भी आभार प्रकट किया। गृहमंत्री अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, मोहन यादव, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, भजन लाल शर्मा, प्रमोद सावंत, हिमंता बिस्वा शर्मा, पुष्कर सिंह धामी, गिरिराज सिंह, स्मृति ईरानी, दिया कुमारी, देवेन्द्र फडणवीस, प्रेमचंद बैरवा, के. अन्नामलाई, नवनीत राणा, वनाथी श्रीनिवासान, माधवी लथा आदि ने जनसभाओं, संगठात्मक बैठकों को सम्बोधित किया और रोड़ शो में सम्मलित हुए थे।

### आज काली पट्टी बांधकर चुनावी ड्यूटी करेंगे एमसीडी शिक्षक

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के 17 हजार से अधिक शिक्षक अप्रैल माह का वेतन नहीं मिलने पर अपने संगठन शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के आह्वान पर आज 25 मई को काली पट्टी बांधकर ड्यूटी करेंगे। शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के अध्यक्ष कुलदीप खत्री ने शुक्रवार को यह जानकादी देते हुए कहा कि समय से वेतन ना मिलना निगम शिक्षकों के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है। समय से वेतन ना मिलने के कारण घर का खर्च, बच्चों की फीस, इलाज का खर्च आदि सब कुछ बिगड़ा हुआ है हमारी पीड़ाओं से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता पर भारत देश में शिक्षकों के साथ ऐसा अन्याय किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### पीएम ने माना कि शराब घोटाला है फर्जी, गिरफ्तार लोगों को रिहा किया जाना चाहिए : सीएम

**नई दिल्ली।** शराब घोटाले के मामले में आरोपी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कबूल कर ही लिया कि तथाकथित शराब घोटाला पूरी तरह से फर्जी है और उनकी ईडी-सीबीआई के पास घोटाला होने का कोई सबूत नहीं है। शुक्रवार को डिजिटल प्रैसवार्ता में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री के एक साक्षात्कार में दिए बयान का हवाला देते हुए कहा कि साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश के सामने कबूल किया कि शराब घोटाला फर्जी है और इसमें कोई सबूत नहीं मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि कोई सबूत इसलिए नहीं मिला, क्योंकि केजरीवाल अनुभवी चोर है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री से पूछा कि क्या आपकी ईडी-सीबीआई के अधिकारी निकम्मे हैं। सच्चाई तो यह है कि मेरी गलत गिरफ्तारी को जायज ठहराने के लिए प्रधानमंत्री यह एक बहाना बना रहे हैं कि केजरीवाल अनुभवी चोर है। मेरी प्रधानमंत्री से अपील है कि जब आप कबूल कर ही चुके हैं कि शराब घोटाला फर्जी है और कोई रिकवरी नहीं है, तो इस मामले में गिरफ्तार सभी लोगों को छोड़ दीजिए। प्रैसवार्ता में केजरीवाल ने कहा कि पिछले 2 साल से शोर मचा रखा है कि दिल्ली में शराब घोटाला हो गया। इन्होंने मुझे गिरफ्तार कर लिया, संजय सिंह और मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया। पूरे देश में 500 से ज्यादा रेड कर लीं, पता नहीं और कितने लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

### शराब घोटाले में जिन अन्य लोगों की भूमिका है उन्हें भी जांच की गिरफ्त में आना ही होगा : भाजपा

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने आप ही आज स्वीकार किया है कि वह एक अनुभवी चोर है और जो चोर है उसकी चोरी पकड़ी गई है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल की प्रेसवार्ता पर शुक्रवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अंतरिम जमानत पर छूटे अरविंद केजरीवाल के केस में जांच तो अभी चल रही है और एक जून के बाद एक बार फिर से वह पुनः न्यायिक हिरासत में चले जाएंगे। चुनाव से ठीक पहले इस तरह का बयान देना केजरीवाल की चाल है लेकिन वह इस भूल में ना रहें कि वह अब दिल्ली की जनता को गुमराह कर सकते है क्योंकि दिल्ली की जनता उनकी सच्चाई समझ चुकी हैं। सचदेवा ने कहा कि इस पूरे शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल की भूमिका सबको मालूम है। कानून अपना काम करेगा और इस घोटाले में जिन अन्य लोगों की भूमिका है उन्हें भी जांच की गिरफ्त में आना ही होगा।

दिल्ली के मतदाताओं से अपील

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

चाहे मौसम कितना भी हो गर्म
25 मई 2024 को वोट जरुर डालेंगे हम

पोलिंग का समयः प्रातः 7:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक

आओ वोट करें!



क्या करें
- हमेशा कतार में रहें और अपनी बारी का इंतजार करें।
- हमेशा मतदान केंद्र तथा आसपास शांति बनाए रखें।
- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य अपना फोटो पहचाल पत्र दिखाएं।
- "वोट कैसे करें" अनुदेशों का पालन करें।
- मतदान टीम के साथ नम्रतापूर्वक व्यवहार करें।
- अपना वोट देने के उपरान्त मतदान स्थल से शांतिपूर्वक बाहर आये।

क्या नहीं करें
- अपने वोट के बदले रिश्वत स्वीकार न करें। रिश्वत लेना अपराध है।
- किसी अन्य का वोट न डालें, ऐसा करना अपराध है।
- चुनाव प्रक्रिया में कोई भी बाधा न पहुँचायें, ऐसा करने पर आपको जेल भी हो सकती है।
- मतदान सामग्री सहित EVM/VVPAT को क्षति अथवा छेड़छाड़ न करें, ऐसा करने पर आपको जेल भी हो सकती है।
- मतदान कर्मियों द्वारा किये जा रहे निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न न करें।

प्रतिबंधित सामग्री
फोन मना है
धूम्रपान निषेध
आग्नेयास्त्र निषेध
फोटोग्राफी मना है

DIP/Shabdarth/Display/0006/24-25

नोटः फोटो वोटर स्लिप को जानकारी/मार्गदर्शन के लिये उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण के रूप में नहीं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली
ओल्ड सेंट कॉलेज बिल्डिंग, कश्मीरी गेट, दिल्ली – 110006
www.ceodelhi.gov.in

कोई मतदाता न छूटे
वोटर हेल्पलाइन नं: 1950

Log on to: www.voters.eci.gov.in

Follow us: /ceodelhioffice



# वेलकम टू द जंगल में जैकी श्रॉफ की एंट्री

**मुंबई।** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल से एक्टर संजय दत्त के बाहर होने की खबर ने फैंस को निराश कर दिया था। बताया गया कि एक्टर ने कुछ दिन की शूटिंग करने के बाद इस फिल्म से हटने का फैसला लिया। अब इस फिल्म की कास्ट और कहानी में बड़ा बदलाव किया गया है। संजय दत्त के बाहर होने के बाद जैकी श्रॉफ की एंट्री हुई है। लेकिन एक्टर की संजू बाबा की जगह नहीं लाया गया है और न ही एक्टर उनका वाला किरदार निभाएंगे। कहानी में भी हुआ है बड़ा बदलाव। वेलकम 3 की शूटिंग पिछले कुछ समय से चल रही थी, बिहाइंड द सीन वीडियोज भी वायरल हुए थे।



## लाइफ Style

# जाह्नवी

## साथ काम करने मांगी थी मन्नत

जाह्नवी कपूर ने साल 2018 में फिल्म धड़क से बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म को कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। हालांकि इसके बाद जाह्नवी ने कई फिल्में कीं और इस इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

2018 से लेकर अब तक जाह्नवी ने 7 फिल्में की हैं और अब उनकी 8वीं फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही रिलीज होने वाली है। यह फिल्म क्रिकेट पर आधारित है और इसमें जाह्नवी के साथ राजकुमार राव लीड रोल में हैं। जाह्नवी फिल्म का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं और इसी दौरान एक इंटरव्यू में जाह्नवी ने बताया कि पंकज त्रिपाठी के साथ काम करने के लिए उन्होंने मन्नत मांगी थी।

दरअसल, जाह्नवी से पूछा गया कि क्या कोई ऐसा है जिससे वह मिलना चाहती थीं या जिससे कभी नहीं मिलना चाहती हों तो इस पर जाह्नवी ने कहा कि मैं पंकज त्रिपाठी जी से के साथ काम करना चाहती थी। उनके साथ काम करने का मेरा सपना था। मैं पागलों की तरह बिहेव करती थी क्योंकि मैं उनकी बहुत बड़ी फैन थी और अब भी हूं। मैंने मन्नत ली थी कि वह मेरी फिल्म गुंजन सक्सेना को करने के लिए हां कह दें। इतना ही नहीं मैं तो शाकाहारी भी बन गई थी। बता दें कि गुंजन द सक्सेना फिल्म में पंकज ने जाह्नवी के पापा का किरदार निभाया था। फिल्म में वह जाह्नवी को पूरा सपोर्ट करते दिखे हैं। वहीं कई इंटरव्यूज में दोनों ने एक-दूसरे के काम की तारीफ की है। जाह्नवी के बाकी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो उनके पास और भी कई बड़ी और दिलचस्प फिल्म है।

## हॉलीवुड मसाला




# कोर्ट ने एंजेलिना से मांगा जवाब

**लॉस एंजिलिस।** एंजलिना जोली और ब्रैड पिट कभी हॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक थे। मगर अब दोनों विवादों के चलते सुर्खियों में रहते हैं। दोनों के बीच बच्चों की कस्टडी के अलावा फ्रेंच वाइनयार्ड को लेकर भी विवाद चल रहा है। कुछ साल पहले एंजेलिना ने फ्रेंच वाइनयार्ड से अपना हिस्सा बेच दिया था। अब उन्हें ब्रैड पिट के साथ सभी एनडीए पेश करने का आदेश दिया गया है। पिछले आठ साल से एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के बीच 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फ्रांसीसी वाइनरी, चेटो मिरावल के स्वामित्व पर चल रहे विवाद में एक नया मोड़ आ गया है।



# मासूम वैकना बना 'स्ट्रैंजर थिंग्स' का शैतान

**लॉस एंजिलिस।** डफर ब्रदर्स की निर्मित साई-फाई, हॉरर और मिस्ट्री ड्रामा 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' सबसे पॉपुलर वेब सीरीज में से एक है। इसके चार सीजंस आ चुके हैं, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे दूसरी दुनिया के राक्षस धरती पर आकर हॉकिंस का जीना हराम करते हैं। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की कहानी हॉकिन्स शहर होता है, जहां अजीबोगरीब घटना होती है। हॉकिन्स में दो पैरलल दुनिया है। धरती पर दूसरी दुनिया से राक्षस आ रहे हैं। तीसरे सीजन तक, इलेवन इंडियाना ग्रुप के साथ मिलकर दूसरी दुनिया से आये राक्षसों का खात्मा करती है और उन्हें में हो रहे बच्चों संग एक्सपेरिमेंट का खुलासा करती है। इलेवन भी उसी लैब से भागकर आती है। चौथे सीजन में उसका सामना सबसे खतरनाक राक्षस का सामना होता है, जिसका नाम वैक्ना है।



# लुक्स के लिए करते ही हैं ट्रोल : अलाया

**मुंबई।** बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा अलाया एफ इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे राजकुमार राव के साथ फिल्म 'श्रीकांत' में नजर आ रही हैं। दर्शकों को इस फिल्म में उनका किरदार काफी पसंद आ रहा है। इस फिल्म से पहले वे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं। वहीं हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अलाया ने अपनी निजी जिंदगी और बॉलीवुड से जुड़े कई अनुभवों को दर्शकों के संग साझा किया है। अलाया एफ फिल्मों में अभिनय के अलावा अपने बेबाक अंदाज के लिए भी मशहूर हैं। वे अपनी मां पूजा बेदी की तरह ही अपनी बातों को बेझिझक रखना जानती हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अलाया एफ ने कहा, 'लोगों को चैन नहीं है। वे आपके लुक्स के लिए आपको ट्रोल करेंगे।



# सिंघम अवतार देख फैंस हुए पागल

**मुंबई।** रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फैंस भी रोहित शेट्टी की फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन में अजय देवगन का लुक शेयर किया है। अजय देवगन की जो तस्वीर रोहित शेट्टी ने शेयर की है उसमें वो बहुत इंटेस नजर आ रहे हैं। रोहित शेट्टी ने जो तस्वीर शेयर की उसमें अजय देवगन जम्मू-कश्मीर पुलिस की गाड़ियों और कंमाडोज के साथ पोज करते नजर आ रहे हैं। अजय देवगन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर अपने सिंघम अवतार की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने कैप्शन में लिखा- ऑन ड्यूटी अगेन, अजय देवन का सिंघम अवतार देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। वो फिल्म को लेकर बहुत से कमेंट्स कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# कीकू शारदा नहीं लाएंगे खुद का शो कपिल के शो में मिलती है इज्जत

मुंबई। कपिल शर्मा इस वक्त अपनी पूरी टीम के साथ नेटफ्लिक्स पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं।सुनील ग्रोवर से लेकर चंदन प्रभाकर और सुमोना चक्रवर्ती उनके कॉमेडी शो को पास्ट में बीच में छोड़कर जा चुके हैं। हालांकि, एक इंसान जो इस शो से लगातार जुड़ा हुआ है, वो हैं कीकू शारदा। हाल ही में कीकू शारदा ने बताया कि इतना कमाने के बावजूद भी वह कभी कपिल शर्मा का साथ छोड़कर खुद का शो क्यों नहीं शुरू करते हैं। एक साक्षात्कार में कीकू ने कहा, मेरे मन में कपिल के लिए इज्जत है। यह बात सच है कि मुझे भी कई लोग कहते हैं कि आप अपना शो क्यों नहीं शुरू करते हैं। लेकिन मैं जानता हूं कि 10-15 मिनट के एक्ट के लिए मुझे कितनी मेहनत करनी पड़ती है। कपिल एक से डेढ़ घंटे वह मेहमानों से बात करते हैं। वह जो काम करते हैं, वह उतना आसान नहीं है, जितना दिखाई देता है। कई बार ऐसा हुआ है कि जब मैं स्टेज पर परफॉर्म करता हूं, तो वह सोफे के पीछे जाकर खड़े हो जाते हैं।

# मसाला कारोबार की जंग में सोनी चैनल का नया प्रयोग

**मुंबई।** ओटीटी के आने के बाद से अपनी धार खोता जा रहा छोटा परदा इन दिनों प्रयोगों के समंदर में तैरते रहने के लिए नई कोशिशें करता दिख रहा है। सास-बहू जैसे धारावाहिकों से इतर हो रहे इन प्रयोगों की नई कड़ी है, सोनी चैनल का नया धारावाहिक 'पुकार - दिल से दिल तक'। राजस्थान की पृष्ठभूमि पर बना यह शो परिवार के संबंधों की परतों को खोलता है और एक स्त्री के जीवन के संघर्षों के कुछ नए मानक प्रदर्शित करने की कोशिश करता है। अभिषेक निगम, सायली सालुंखे, अनुष्का मर्चेंड, सुमुखी पेंडसे और सुखदा खांडकेकर जैसे कलाकारों ने इस धारावाहिक के मुख्य किरदार निभाए हैं। सायली सालुंखे ने धारावाहिक 'पुकार - दिल से दिल तक' में वेदिका का किरदार निभाया है। उनके मुताबिक, 'अपनी मां वाली छवि को तोड़ने के लिए मैंने इस शो को हां कहा था। इस शो में मैं एक ऐसी भूमिका निभा रही हूं, जो न्याय की गहरी भावना रखने वाली एक नेक, स्वतंत्र वकील है। वह हमेशा सही काम करने की कोशिश करती है।




# माधवन ने अनिल कपूर को किया रिप्लेस

**मुंबई।** अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म दे दे प्यार दे ने ऑडियंस को एंटरटेन किया था। फिल्म में उम्र के फर्क को पार करते हुए एक अनोखी लव स्टोरी दिखाई गई जिसके सीक्वल की चर्चा लंबे समय से चल रही है। हमने आपको जानकारी दी थी कि दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर नज़र आ सकते हैं। फिल्म में एक्टर रकुल के पिता और अजय देवगन के ससुर के किरदार में दिखेंगे। लेकिन अब ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार झक्कास अनिल कपूर इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्हें शैतान एक्टर आर माधवन ने रिप्लेस किया है।अनिल कपूर को दे दे प्यार दे 2 की कहानी इतनी शानदार लगी थी कि एक्टर ने सुनते ही फिल्म के लिए हां बोल दिया था। उन्हें अजय देवगन के होने वाले ससुर के किरदार में देखना भी मज़ेदार होता। लेकिन अब रिपोर्ट के मुताबिक आर माधवन ये किरदार निभाने वाले हैं। वो अभी तक के सभी किरदारों से हटकर रकुल के पिता और अजय के ससुर के किरदार में दिखेंगे।



# 17 साल बाद प्रीति जिंटा ने कॉन्स के रेड कारपेट पर दिखाया जलवा



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा उन अभिनेत्रियों में से रहीं है, जिनकी एक्टिंग ही नहीं बल्कि फैंस उनकी खूबसूरती के भी दीवाने रहे। प्रीति की डिंपल वाली स्माइल पर आज भी फैंस अपना दिल हार बैठते हैं। प्रीति बीते लंबे वक्त से एक्टिंग से दूरी हैं। प्रीति जिंटा ने 17 सालों के बाद कॉन्स में कमबैक किया है। इस दौरान प्रीति का लुक बेहद चर्चा में बना हुआ है। कॉन्स के अपने फर्स्ट लुक से प्रीति ने हर किसी का दिल जीता है। रेड कारपेट का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में प्रीति व्हाइट शिमरी गाउन पहने नजर दिख रही हैं, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस ड्रेस के साथ प्रीति ने हाई बन बनाया है जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है। वीडियो में प्रीति समंदर किनारे पोज देती दिख रही हैं। इस वीडियो को उनके एक फैन क्लब ने शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है।

# आबू धाबी के हिंदू मंदिर में दर्शन करने पहुंचे रजनीकांत



**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत ने हाल ही में आबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के दर्शन किए। अभिनेता की तस्वीरें बीएपीएस हिंदू मंदिर के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की गई हैं। इनमें वे मंदिर प्रांगण में नजर आ रहे हैं। पूजा अर्चना कर अभिनेता ने भगवान का आशीर्वाद लिया। मालूम हो कि इस बीच रजनीकांत को यूएई के संस्कृति और पर्यटन विभाग की तरफ से गोल्डन वीजा दिया गया है। बीएपीएस हिंदू मंदिर के आधिकारिक एक्स अकाउंट से रजनीकांत की फोटो और वीडियो साझा की गई हैं, जिनमें वे मंदिर परिसर में नजर आ रहे हैं। मंदिर ने कैप्शन में लिखा है, 'लोकप्रिय भारतीय अभिनेता रजनीकांत आबू धाबी मंदिर आए'। रजनीकांत ब्लैक ट्राउडर और व्हाइट टीशर्ट में नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि आबू धाबी के इस मंदिर का उद्घाटन फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

# रिलीज से पहले कई वर्षों तक कानूनी पचड़े में फंसी फिल्में

*मुंबई। भारत में सिनेमा को पसंद करने वालों लोगों की संख्या काफी ज्यादा हैं। यही वजह है कि भारत में हर साल हजारों फिल्में बनती हैं। इस दौरान कई फिल्में एडिटिंग टेबल से उतर कर आसानी से सीधा सिनेमाघरों में पहुंच जाती हैं। वहीं, कुछ फिल्मों को सिनेमाघरों में पहुंचने से पहले कई पापड़ बेलने पड़ते हैं। अक्सर फिल्मों को लेकर विवाद देखने को मिलता रहता है। कई ऐसी भी फिल्में रही हैं, जो कानूनी पचड़े में फंस कर कई वर्षों तक रिलीज ही नहीं हो पाईं। आज हम बात करेंगे ऐसी ही उन फिल्मों के बारे में, जो रिलीज से पहले ही कानूनी पचड़े में फंस गईं।*




## 'जॉली एलएलबी 3'

'जॉली एलएलबी' काफी पसंद की जाने वाली फ्रेंचाईजी बन चुकी है। इसके पहले भाग 'जॉली एलएलबी' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। अब तीसरी कड़ी 'जॉली एलएलबी 3' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। हालांकि, शूटिंग शुरू होते ही फिल्म कानूनी पचड़े में फंसती नजर आ रही है। अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राठौड़ ने निर्माताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उनकी शिकायत में दावा किया गया है कि फिल्म न्यायप्रणाली का मजाक बनाती है।

## 'कुली'

सुपरस्टार रजनीकांत की आगामी फिल्म 'कुली' काफी चर्चा बटोर रही है। अभिनेता के फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। यह एक एक्शन एंटरटेनर होगी। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनकराज कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म रिलीज होने से पहले ही कानूनी पचड़े में फंसते नजर आ रही है। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स आई थी कि देश के दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा ने उनके संगीत के अनाधिकृत उपयोग पर मेकर्स को लीगल नोटिस भेजा है।






## 'केरला स्टोरी'

साल 2023 में रिलीज हुई इस फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था। इस फिल्म में अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सोनिया बलानी आदि अहम भूमिकाओं में नजर आई थीं। फिल्म का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया था। वहीं, विपुल अमृतलाल शाह फिल्म के निर्माता थे। फिल्म में दिखाया गया है कि केरल में गैर मुस्लिम महिलाओं को इस्लाम में धर्मांतरण करने के लिए मजबूर किया जाता है। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद से ही इसे लगातार विरोध झेलना पड़ा।

## 'पद्मावत'

यह एक भारतीय ऐतिहासिक फिल्म है, जिसका निर्देशन संजय लीला भंसाली द्वारा किया गया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और शाहिद कपूर नजर आए थे। फिल्म में चितौड़ की प्रसिद्ध राजपूत रानी पद्मिनी के बारे में बताया गया था। इस फिल्म में अलाउद्दीन खिलजी को रानी पद्मिनी के आकर्षण में चितौड़गढ़ पर आक्रमण करता दिखाया गया है। फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था। फिल्म की शूटिंग के दौरान भी कुछ लोगों द्वारा निर्देशक से मारपीट तथा सेट पर तोड़फोड़ करने की खबरें आई थीं।



## लोकसभा चुनाव-2024 का छठां चरण

# यूपी में 14 लोकसभा सीटों पर मतदान आज, सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग, मैदान में 162 प्रत्याशी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के छठवें चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 292-



गैंसडी विधानसभा उप निर्वाचन में 25 मई को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि छठवें चरण में प्रदेश के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 38-सुल्तानपुर, 39-प्रतापगढ़, 51-फूलपुर, 52-इलाहाबाद, 55-अंबेडकरनगर, 58-श्रावस्ती, 60-डुमरियागंज, 6-बस्ती, 62-संत कबीर नगर, 68-लालगंज (अजा), 69-आजमगढ़, 73-जौनपुर, 74-मछलीशहर (अजा), 78-भदोही तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 2922-गैंसडी की सीट प्रदेश के 15 जनपद सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अंबेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी तथा भदोही में आते हैं। 14 लोकसभा सीट पर 146 पुरुष और 16 महिलाओं सहित कुल 162 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि गैसड़ी विधानसभा सीट पर 7 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### खास बातें

- 80 सीट में से 53 पर पिछले पांच चरणों में मतदान संपन्न
- सातवें चरण में 1 जून को 13 सीट पर मतदान होगा
- मतदान केंद्रों पर लू और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध
- गैंसडी विधानसभा में उप चुनाव हो रहा

## एक मार्च से अब तक 495 करोड़ से अधिक की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त



### 4 जून को मतगणना होगी

रिणवा ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा की कुल 80 सीट में से 53 पर पिछले पांच चरणों में मतदान संपन्न हो चुका है। सातवें चरण में 1 जून को 13 सीट पर मतदान होगा और 4 जून को मतगणना होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

### 9182.78 लाख रुपए नकद धनराशि जब्त

नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 23 मई, 2024 तक कुल 49527.39 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए। इसमें 9182.78 लाख रुपए नकद धनराशि, 5542.28 लाख रुपए कीमत की शराब, 23865.20 लाख रुपए कीमत की ड्रग, 2559.03 लाख रुपए कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5567.46 लाख रुपए कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2810.95 लाख रुपए कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई।

### मतदाताओं को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं

उन्होंने बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिए गए हैं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को लू से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उपयोग की जा सके।

### छठे चरण में ये हैं हॉट सीट

सुलतानपुर में भाजपा उम्मीदवार मेनका गांधी का समाजवादी पार्टी (सपा) के रामभुआल निषाद और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उदयराज वर्मा से मुकाबला है। इलाहाबाद सीट पर पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी के बेटे भाजपा उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी का मुकाबला 'इंडिया' गठबंधन से कांग्रेस कोटे के उम्मीदवार और पूर्व मंत्री उज्ज्वल रमण सिंह से है। आजमगढ़ सीट पर निवर्तमान भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ का मुकाबला समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव से है। धर्मेंद्र यादव 2022 में इस सीट पर हुए उपचुनाव में निरहुआ से हार गए थे। जौनपुर सीट पर बहुजन समाज पार्टी के मौजूदा सांसद श्याम सिंह यादव को पार्टी ने फिर चुनाव मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला सपा उम्मीदवार तथा पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा और भाजपा के कृपाशंकर सिंह से है। भदोही में भाजपा ने अपने निवर्तमान सांसद रमेश बिंद की जगह विधायक विनोद कुमार बिंद को मैदान में उतारा है जिनके मुकाबले विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन ने तृणमूल कांग्रेस के ललितेश पति त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी की चौथी पीढ़ी के ललितेश मिर्जापुर जिले में कांग्रेस के विधायक रह चुके हैं। डुमरियागंज में भाजपा सांसद और पार्टी प्रत्याशी जगदंबिका पाल का मुकाबला सपा के भीष्मशंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी से होगा। अंबेडकरनगर में भाजपा के रितेश पांडेय और सपा के पूर्व मंत्री लालजी वर्मा के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है जबकि संतकबीरनगर में भाजपा के मौजूदा सांसद प्रवीण निषाद और सपा के लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद मुकाबले में हैं।

## जैकेट का शेष

### उनसे सीधी बात...

बना चुके आम आदमी पार्टी के नेता, मंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा खुद सीएम केजरीवाल हैं जो भ्रष्टाचार के मामले में जेल से बाहर आए हैं। उनकी हम क्या बात करें। जो ईमानदारी का राग अलापते - अलापते खुद जेल चले गए। उनसे पहले उनका शिक्षा, स्वास्थ, आबकारी जैसे विभागों के मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए हैं। रही सही कसर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ हुई मारपीट ने पूरी कर दी। लात घूंसे मारने की घटना ने आम आदमी पार्टी की छवि बहुत खराब की है।

**सवाल:** एक सवाल ये भी उठ रहा है कि अब पीएम मोदी भी 75 साल के हो जाएंगे तो क्या बहुत कुछ बदलेगा?

**जवाब:** आज पीएम मोदी में 20 साल के युवा जैसी ऊर्जा है। वे 18-19 घंटे लगातार काम करते हैं। अपने जीवन को उन्होंने देश के लिए समर्पित किया है। ऐसा एक भी हो तो बता दीजिए। पीएम मोदी में जनता और देश के प्रति जबरदस्त समर्पण का भाव है। वे गरीबों के प्रति काफी भावुक हैं। रात-दिन उनके मन में सिर्फ और सिर्फ जनकल्याण ही चलता रहता है। पीएम पहले भी लोकप्रिय और देश के लिए समर्पित नेता थे और आज भी हैं। आज पूरी दुनिया में उनकी लोकप्रियता बढ़ी है।

**सवाल:** आपकी पार्टी के अध्यक्ष हैं जेपी नड्डा । उनका बयान चर्चित हुआ है कि अब आरएसएस की जरूरत नहीं है। हम बड़े हो गए हैं। इसका मतलब क्या समझें?

**जवाब:** देखिए, भारतीय जनता पार्टी दो सांसदों वाली थी। आज 303 लोकसभा और 100 राज्यसभा में सांसद हैं। आज दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है। सबसे ज्यादा सांसद, विधायक, महापौर आदि भाजपा के पास हैं। जहां तक संघ परिवार का सवाल है तो वो हमारी विचारधारा है, हमें मार्गदर्शन मिलता है। आपको हमेशा मार्गदर्शन की जरूरत होती और आगे भी रहेगी।

**सवाल:** यहां राज्य में कांग्रेस सरकार है। आपकी राह को कितना मुश्किल किया है?

**जवाब:** कांग्रेस अपना धर्म निभा रही है। हम अपना धर्म निभा रहे हैं। वे राम मंदिर पर बुलडोजर चलाने की बात करते हैं। हम बनाने की बात करते हैं। वे गांरटियां देकर मुकर जाते हैं। हम जो कहते हैं उसे पूरा करके दिखाते हैं। अनुच्छेद 370 और 35 ए हटाई, तीन तलाक से मुस्लिम बहनों को निजात दिलाई। सीएए कानून बनाया। भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है। देश की अर्थव्यवस्था को 5वें नंबर पर लेकर आए। वो सत्ता का सुख भोगने के लिए आते हैं और हम सेवा करने के लिए आते हैं। बस, यही हमारे और उनके बीच का अंतर है। चारों लोकसभा और 6 की 6 विधानसभा जीतकर दिखाएंगे।

**सवाल:** मणिपुर और म्यांमार के मामले में आपका क्या नजरिया है?

**जवाब:** देखिए, कुछ लोग राजनीति करने के लिए मणिपुर में आग लगाने का असफल प्रयास करते हैं। वहां चुनी हुई सरकार है और बेहतर काम कर रही है। जहां तक शिमला की बात है तो वहां भी जाता हूं लेकिन मुझे हमीरपुर ज्यादा पसंद है। यहां मुझे लोगों का बहुत आशीर्वाद मिलता है। इसलिए, मुझे हमीरपुर बहुत भाता है। हम लोग केवल पार्टी के कार्यकर्ता के तौर पर काम करते हैं जो आदेश मिलता है उसे ईमानदारी से पूरा करने की कोशिश करते हैं।

**सवाल:** हमीरपुर की आप तारीफ कर रहे हैं। हमीरपुर ने आपको बहुत कुछ दिया है। वहां की जनता को क्या मिला?

**जवाब:** पीएम मोदी ने हमीरपुर को बहुत कुछ दिया है यहां एम्स बनाया है, नर्सिंग कॉलेज बने हैं, हाईवे बना दिया, रेलवे लाइन बिछा दी, 12 ट्रेनें चालू करवा दी। आईआईटी बनवा दी। जहां तक ऊना से हमीरपुर रेलवे लाइन का सवाल है तो ये खुद कांग्रेस ने रुकवा दी। राज्य सरकार ने अपने हिस्से का पैसा नहीं दिया जबकि केंद्र सरकार ने उन्हें चिट्ठी लिखी लेकिन उनके पास विकास के कामों के लिए समय ही नहीं है। विकास के कई कामों में राज्य की कांग्रेस सरकार ने अड़ंगे डालने की कोशिश की है। आने वाले समय में ईश्वर की इच्छा रही तो कांग्रेस सरकार भी हट जाएगी और विकास का रास्ता पूरी तरह खुल जाएगा।

**सवाल:** भाजपा का नारा 400 पार का है आप कितना दबाव महसूस कर रहे हैं?

**जवाब:** हम दबाव लेते नहीं देते हैं...पिछली बार हमने 303 सीटें लोकसभा की जीती थी और 70 सीटों पर हम दूसरे नंबर पर रहे। इसलिए हमने अपने लिए 370 और एनडीए मिलाकर 400 सीटों का लक्ष्य रखा है। बीते पांच चरणों के मतदान में हम बहुत आगे रहे हैं और चुनाव पूरा होते होते हम अपने लक्ष्य को आसानी से पार कर लेंगे। कांग्रेस देश की 320 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है वो तो सत्तर साल पुरानी पार्टी है।

### 4 जून को होने वाले मतदान से पहले सीएम योगी ने सपा-कांग्रेस पर बोला

# 'मोदी की सुनामी' से घबराया गठबंधन एक ओर रामभक्त, दूसरी ओर रामद्रोही

सीएम योगी ने कहा है कि जब जनता भाजपा गठबंधन के 400 पार की बात करती है तो विपक्षी गठबंधन को चक्कर आने लगता हैं। विपक्षी गठबंधन भाजपा का विरोध करते-करते देश के गरीबों का विरोध करने लगा है। सत्ता हथियाने के लिए देश की अपूरणीय क्षति करने में जुटी हुई हैं। सत्ता के लिए देश का विभाजन इनकी पुरानी परंपरा रही है।

एजेंसी ▶▶ महाराजगंज

सीएम योगी आदित्यनाथ ने 4 जून को होने वाले अंतिम चरण के मतदान को लेकर अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। योगी ने महाराजगंज, कुशीनगर और देवरिया में अपनी जनसभाओं में सपा-कांग्रेस पर करारा हमला बोला। महाराजगंज के जयपुरिया इंटर कालेज के मैदान में भाजपा प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी के समर्थन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच चरणों के चुनाव में मोदी की सुनामी देखकर गठबंधन के लोग घबरा गए हैं। एक तरफ राम भक्त तो दूसरे तरफ राम द्रोही हैं।

योगी ने कहा कि पहले कांग्रेस और सपा की सरकार में आतंकी घटनाओं पर जब हम आवाज उठाते थे तो बोला जाता था, आतंकवादी सीमा पार के हैं, अब समय बदल गया है। जब जनता भाजपा गठबंधन के 400 पार की बात करती है तो विपक्षी गठबंधन को चक्कर आने लगता हैं। विपक्षी गठबंधन भाजपा का विरोध करते-करते देश के गरीबों का विरोध करने लगा है। सत्ता हथियाने के लिए देश की अपूरणीय क्षति करने में जुटी हुई हैं।




### जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर लड़ा रहे

योगी ने कहा कि लोगों को जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर लड़ाना ही सपा-कांग्रेस का उद्देश्य है। योगी ने कहा कि पहले कांग्रेस और सपा की सरकार में आतंकी घटनाओं पर जब हम आवाज उठाते थे तो बोला जाता था, आतंकवादी सीमा पार के हैं, अब समय बदल गया है। सीमा पर कोई पटाखा भी जोर से फट जाता है तो पाकिस्तान पहले सफाई देता है कि हमारा हाथ नहीं है। यह नए भारत का दर्शन है। उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस गठबंधन अनर्थ करने वाला है। मोदी सरकार ने देश का विकास किया है।

### खास बातें

- सपा-कांग्रेस गठबंधन अनर्थ करने वाला
- मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हुआ
- मोदी सरकार ने सम्मान और सुरक्षा की गारंटी दी

### मैं काशी का बेटा हूं: मोदी
#### बुद्धिजीवियों से पीएम की खास अपील



वाराणसी। संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पीएम नरेंद्र मोदी की चिट्ठी की काफी चर्चा हो रही है। जिले की खास हस्तियों समेत कलाकारों और बड़े व्यापारियों के पास पीएम मोदी की चिट्ठी आई। चिट्ठी में पीएम ने काशी के गौरव और अध्यात्म से खुद को जुड़ा हुआ बताया है। बीएचयू के प्रोफेसर और चिकित्सकों के घर पर भी यह चिट्ठी पहुंचाई गई है। मोदी ने अपनी चिट्ठी में लिखा है सादर नमस्कार! आपको अवगत कराना है कि भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व चल रहा है। काशी लोकसभा में पहली जून को मतदान होना है। काशी में आप सबके आत्मीय प्यार से मुझे बनारसी बना दिया है। केवल सांसद ही नहीं बल्कि स्वयं को काशी के बेटे के रूप में पाता हूं। आप सबसे यह निवेदन है कि पहली जून को एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में पड़े। आपके एक वोट की ताकत से आज देश के भविष्य का निर्माण हो रहा है। भारत को सामर्थ्यवान बनाने में आपका ही बड़ा योगदान है। हम काशी की बात करें तो मुझसे अधिक आपको पता है। इन दस वर्षों में काशी के विकास को लेकर हमने जो संकल्प लिए थे, एक-एक कर पूरे हो रहे हैं। बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से जो कुछ कर पाया हूं, अभी बहुत कुछ करना बाकी है। 2024 का चुनाव बहुत मायने में महत्वपूर्ण है। आपके मत एवं समर्थन से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

## पेज एक का शेष

### पायलट की सूझबूझ...

तकनीकी समस्या के कारण लगभग सुबह 7 बजकर 05 मिनट पर केदारनाथ धाम के हेलीपैड से लगभग 100 मीटर पहले आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। पायलट कल्पेश के अनुसार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

### आठ राज्य/केंद्र...

कि शनिवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। बिहार, झारखंड, जम्मू और कश्मीर, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल और ऐसे अन्य राज्य/केंद्र शासित प्रदेश हैं, जहां इस चरण में मतदान जारी रहेगा। ओडिशा राज्य विधानसभा के 42 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी साथ-साथ मतदान होगा। चुनाव आयोग ने मतदान पार्टियों को मशीनों और चुनाव सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों पर भेज दिया है। आयोग ने मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में आने और जिम्मेदारी तथा गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद जैसे शहरी केंद्रों में रहने वाले मतदाताओं को विशेष रूप से मतदान करने के उनके अधिकार और कर्तव्य के बारे में स्मरण कराया गया है और उनसे शहरी उदासीनता की प्रवृत्ति को छोड़ने के लिए भी कहा गया है। मतदान के अंतिम चरण यानी 7वें चरण में शेष 57 संसदीय क्षेत्रों के लिए मतदान 1 जून को होगा और वोटों की गिनती 4 जून को होगी। आम चुनाव के पहले पांच चरणों में 25 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और 428 संसदीय क्षेत्रों के लिए मतदान सुचारू और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है।

### छठे चरण से...

हैं। छठे चरण के लिए 8.93 लाख से अधिक पंजीकृत 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, 100 वर्ष से अधिक आयु के 23,659 मतदाता और 9.58 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया गया है। सुरक्षाकर्मियों को आने-जाने के लिए 20 विशेष रेलगाड़ियां तैनात की गईं। 184 पर्यवेक्षक (66 सामान्य पर्यवेक्षक, 35 पुलिस पर्यवेक्षक, 83 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। वे आयोग की आंख और कान के रूप में कार्य कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक सतर्कता बरती जा सके। इसके अतिरिक्त, कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को भी तैनात किया गया है। मतदाताओं को दिए जाने वाले किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सख्ती और तेजी से निपटने के लिए कुल 2222 उड़न दस्ते, 2295 स्थैतिक निगरानी दल, 819 वीडियो निगरानी दल और 569 वीडियो अवलोकन दल चौबीसों घंटे निगरानी कर रहे हैं। कुल 257 अंतर्राष्ट्रीय सीमा चौकियां और 927 अंतर-राज्यीय सीमा चौकियां शराब, ड्रग्स, नकद राशि और मुफ्त उपहारों के किसी भी अवैध प्रवाह पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए
पुरस्कार जीतने का सुनहरा अवसर
CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA
चुनाव का पर्व DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024




अपने माता-पिता/दादा-दादी/सगे-संबंधियों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें
वोट डालने उपरान्त उनके साथ नीली स्याही लगी अंगुली के साथ सेल्फी अपलोड करें
जिला स्तर पर निकाले जाएंगे ड्रॉ
विजेताओं को मिलेंगे नकद पुरस्कार
प्रथम ₹10,000 | द्वितीय ₹5,000 | तृतीय ₹2,500
इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करने वाले स्कूल को ₹25,000 नकद पुरस्कार
सेल्फी लेकर पुरस्कार पाएं, लोकतंत्र को मजबूत बनाएं
सेल्फी अपलोड करने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा
30 बेज़ बिल्डिंग, सेक्टर 17, चण्डीगढ़
e-Mail: ceo_haryana@eci.gov.in | Website: www.ceoharyana.gov.in
Voter Helpline 1950
मतदान की तिथि - 25 मई, 2024
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in @diprharyana

## चिंतन

# चुनाव आयोग पर बार-बार अविश्वास करना ठीक नहीं

राष्ट्र के नगरिकों को अपने राष्ट्रीय निकायों पर भरोसा होना चाहिए। केंद्रीय निर्वाचन आयोग पर अदालत के माध्यम से बार-बार अविश्वास जाहिर करना सही नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक गैर-सरकारी संगठन की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें निर्वाचन आयोग को मतदान केंद्र-वार वोटिंग प्रतिशत के आंकड़े वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने कहा कि चुनाव के दौरान 'व्यावहारिक दृष्टिकोण' अपनाया जाना चाहिए। चूंकि चुनाव आयोग की पूरी मशीनरी चुनाव कराने में व्यस्त है, चुनाव आयोग के पास कोई बड़ा मैनपावर स्ट्रेंथ भी नहीं है, ऐसे में बीच चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग पर दबाव बनाना पक्षपातपूर्ण लगता है। यह मान लेना कि चुनाव आयोग निष्पक्षता से चुनाव नहीं करवा रहा है या यह मान लेना कि सत्ता पक्ष के प्रति निर्वाचन आयोग नरम है या यह मान लेना कि चुनाव संबंधी आंकड़े में भी कोई गड़बड़ी प्रायोजित की जा सकती है, ये सब आयोग की साख को प्रभावित करते हैं। अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह इस वक्त ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं कर सकती, क्योंकि चुनाव के पांच चरण संपन्न हो चुके हैं और दो चरण बाकी हैं तथा ऐसे में निर्वाचन आयोग के लिए लोगों को काम पर लगाना मुश्किल होगा। शीर्ष अदालत ने गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से दाखिल वादकालीन याचिका (आईए) यह कहते हुए स्थगित कर दी कि इसे चुनाव बाद नियमित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने कहा कि प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अर्जी में किए गए अनुरोध इसी मुद्दे पर 2019 से लंबित मुख्य याचिका के समान हैं। पीठ ने कहा, इसे (आईए) लंबित रिट याचिका के साथ लिया जाना चाहिए, क्योंकि चुनावों के दौरान व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। पीठ ने यह भी कहा कि 'आईए में कोई भी राहत देना मुख्य याचिका में राहत देने के समान होगा, जो पहले से ही लंबित है।' दरअसल, हकीकत को समझे जाने की जरूरत है, न कि बीच में प्रक्रिया में बदलाव करके निर्वाचन आयोग पर बोझ डालने की। उच्चतम न्यायालय ने 17 मई को एडीआर की याचिका पर निर्वाचन आयोग से एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा था, जिसमें लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण का मतदान संपन्न होने के 48 घंटे के अंदर मतदान केंद्र-वार मत प्रतिशत के आंकड़े आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एडीआर ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक वादकालीन याचिका दायर की थी। मूल जनहित याचिका में एडीआर ने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का न्यायालय से अनुरोध किया है कि सभी मतदान केंद्रों के 'फॉर्म 17 सी भाग-प्रथम (रिकॉर्ड किए गए मत) की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां' मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं। निर्वाचन आयोग ने हलफनामा दाखिल कर एनजीओ की मांग का विरोध किया और कहा कि इससे चुनावी माहौल 'खराब' होगा और आम चुनावों के बीच चुनावी तंत्र में 'अराजकता' पैदा होगी। हमें चुनाव आयोग की बातों को भी गंभीरता से लेनी चाहिए। हर बात के लिए आयोग की आलोचना ठीक नहीं है, बार बार उसे अदालत में घसीटना भी ठीक नहीं है। ईवीएम पर भी बार बार सवाल उठाए जाते रहे हैं, जबकि ईवीएम की तकनीक सुरक्षित है।



दरकार
सतीश सिंह

वातावरण में एक निश्चित तापमान होने के कारण पृथ्वी पर जीवन है, लेकिन आज उद्योगों, पेड़ों की कटाई, विविध उपकरणों जैसे फ्रिज, शीत ताप नियंत्रक आदि के कारण कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि गैसों का उत्सर्जन हो रहा है, जिससे ग्रीन हाउस गैसों की परत मोटी होती जा रही है और ये सूर्य से अधिक ऊर्जा सोखकर पृथ्वी तक पहुंचा रहे हैं, जिससे पृथ्वी के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है और इंसानों का जीना मुहाल हो रहा है। अभी देर नहीं हुई है, कोशिश करने पर कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि के उत्सर्जन पर लगाम लगाया जा सकता है।

# बढ़ते तापमान पर नियंत्रण जरूरी

अमेरिका के हॉवर्ड विश्वविधालय के अर्थशास्त्री एड्रियन बिलाल और नॉर्थ वेस्टर्न विश्वविधालय के अर्थशास्त्री डिएगो आर कांजिंगाने हाल ही में अपने अध्ययन के निहितार्थों की घोषणा करते हुए कहा कि अगर वैश्विक तापमान में 1 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 12 प्रतिशत तक का नुकसान हो सकता है, जबकि दीर्घकालीन कल्याणकारी योजनाओं पर 31 प्रतिशत का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जो हालात के नहीं सुधरने पर 2100 तक बढ़कर 52 प्रतिशत हो सकता है। इन दोनों अर्थशास्त्रियों का मानना है कि वैश्विक तापमान में मौजूदा स्तर से 1 डिग्री सेल्सियस वृद्धि होने पर आर्थिक उत्पादन में 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिसकी भरपाई 10 साल में भी नहीं की जा सकती है। अर्थशास्त्रियों का यह भी मानना है कि अगर वैश्विक तापमान में वृद्धि नहीं होती तो प्रति व्यक्ति उत्पादन 37 प्रतिशत अधिक हो सकता था।

वातावरण में एक निश्चित तापमान होने के कारण पृथ्वी पर जीवन है, लेकिन आज उद्योगों, पेड़ों की कटाई, विविध उपकरणों जैसे फ्रिज, शीत ताप नियंत्रक आदि के कारण कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि गैसों का उत्सर्जन हो रहा है, जिससे ग्रीन हाउस गैसों की परत मोटी होती जा रही है और ये सूर्य से अधिक ऊर्जा सोखकर पृथ्वी तक पहुंचा रहे हैं, जिससे पृथ्वी के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है और इंसानों का जीना मुहाल हो रहा है। कार्बन डाइऑक्साइड का मुख्य स्रोत ईंधन या कोयला है, जबकि खेती-किसानी से मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड गैसों का उत्सर्जन हो रहा है। क्लोरो-फ्लोरो कार्बन का मुख्य स्रोत फ्रिज और शीत ताप नियंत्रक उपकरण हैं। ये दोनों उपकरण पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। जंगलों की अंधाधुंध कटाई की वजह से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है, क्योंकि इसे सोखने का काम पेड़-पौधे करते हैं। वर्ष 1750 की औद्योगिक क्रांति के बाद से कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर में 30 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जबकि मीथेन के स्तर में 140 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। स्थिति इतनी गंभीर है कि वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर आठ लाख वर्षों के उच्च्तम स्तर पर पहुंच गया है। वायुमंडल के तापमान में वृद्धि को ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। विगत 100 वर्षों में पृथ्वी के औसत तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें 0.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी विगत 3 दशकों में हुई है। बीते कुछ दशकों में समुद्र के जल स्तर में हर साल 3 मिलीमीटर की बढ़ोतरी हुई है, क्योंकि हर साल 4 प्रतिशत की दर से ग्लेशियर पिघल रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 1850 की तुलना में 21वीं सदी के अंत तक पृथ्वी का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। कभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि 'प्रकृति हमारी जरूरतों को सदियों तक पूरा कर सकती है, लेकिन हमारे लालच को नहीं।' अभी पृथ्वी का औसत तापमान लगभग 15 डिग्री सेल्सियस है, लेकिन हमारे लालच के कारण यह निरंतर बढ़ रहा है,



जिससे मौसम का मिजाज बिगड़ने लगा है। हम प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं। जंगल कंक्रीट का जंगल बन गया है। नदी, तालाब, नहर को हमने अपना घर बना लिया है। हवा को भी हमने जहर बना दिया है, इसलिए कभी गर्मी के मौसम में बारिश हो रही है तो सर्दी के मौसम में भीषण गर्मी पड़ रही है। पहाड़ में भी तापमान 40 डिग्री की सीमा को पार कर रहा है।

पृथ्वी का 70.8 प्रतिशत हिस्सा समंदर है और समंदर से जमीन औसतन 20 सेंटीमीटर ऊपर है। वायुमंडल के गर्म होने से समंदर का विस्तार होता है और हिमखंड पिघलने से समंदर के पानी में बढ़ोतरी होती है। जलवायु परिवर्तन पर हुए पेरिस समझौते के अनुसार पृथ्वी के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। अगर इस समझौते का अक्षरशः अनुपालन किया जाए तो भी वर्ष 2100 तक समंदर के स्तर में 50 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हो जाएगी, जिससे जान-माल दोनों का भारी नुकसान होगा। इससे विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.8 प्रतिशत संपत्ति का नुकसान हर साल होगा। फिलहाल विश्व की 7.5 बिलियन आबादी समंदर की सतह से महज 1.5 मीटर की ऊंचाई पर रहती है, जिसके कारण वर्ष 2050 तक 1.4 बिलियन आबादी समंदर में समा जाएगी। दुनिया के कई शहर जैसे आस्ट्रिया, किरीबाती,भारत और चीन के कई तटीय इलाके आदि इसमें शामिल हो सकते हैं। वायुमंडल के तापमान में बढ़ोतरी से आने वाले दिनों में जल की कमी, खाद्यान्न उत्पादन में कमी, सूखा-बाढ़, तूफ़ान आदि प्राकृतिक आपदाओं में बढ़ोतरी होगी, जिससे इंसान एवं अन्य जीव-जंतुओं का जीना मुश्किल हो जाएगा। कई वनस्पतियों का अस्तित्व भी खत्म हो सकता है। एक अनुमान के अनुसार तापमान में 1 प्रतिशत की वृद्धि से आर्थिक विकास दर में हर साल 0.9 प्रतिशत की कमी आ सकती है। तापमान वृद्धि का नकारात्मक प्रभाव निम्न एवं मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा।


जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाओं को रोकने में आर्थिक एवं विकास की स्थिति के अनुरूप विविध देशों को जीडीपी के 5 से 20 प्रतिशत तक की राशि खर्च करनी पड़ सकती है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन की वजह से 45 मिलियन भारतीय गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं और भारत में बड़े पैमाने पर आय में असमानता बढ़ सकती है। समंदर का तापमान बढ़ने से कोरल रीफ़ शनैः शनै नष्ट हो जाएगा, जिससे प्रति वर्ष 375 बिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है। हमें मर्ज का इलाज मालूम है। केवल शुरू करने की जरूरत है। अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देकर और वृक्षारोपण से कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को कम किया जा सकता है। पेट्रोल-डीजल चालित वाहन की जगह गैर मोटर चालित वाहन, जैसे साइकिल, रिक्शा आदि का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले गैसों के उत्सर्जन को रोका जा सकता है। लंबी दूरी के सफर को ई-वाहन के जरिये पूरा किया जा सकता है। हमारे देश में साइकिल और रिक्शा का अधिकतम प्रयोग मुमकिन भी है। ऊर्जा और संसाधन शोध संस्थान के विश्लेषण से पता चलता है कि भारतीय शहरों में यात्रा की 60 प्रतिशत लंबाई 5 किमी से कम और 80 प्रतिशत लंबाई 10 किमी से कम है। यदि 5 किमी की औसत दूरी को साइकिल से और 10 किमी की औसत दूरी के 50 प्रतिशत हिस्से को भी साइकिल से तय किया जाये तो पर्यावरण को तो लाभ होगा ही साथ खरबों रुपये की बचत भी होगी।

अभी देर नहीं हुई है, कोशिश करने पर कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन आदि के उत्सर्जन पर लगाम लगाया जा सकता है, लेकिन इसके लिए हमें अपने लालच एवं स्वार्थ को त्यागना होगा। अगर हम विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे तो निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन की मौजूदा रफ्तार में कमी आएगी।

(लेखक बैंक कर्मी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



*जयपुर के बाहरी इलाके में स्थित, गलताजी मंदिर एक प्रागैतिहासिक हिंदू तीर्थ स्थल है। इस मंदिर में आपको कई मंदिर, पवित्र कुंड, मंडप और प्राकृतिक झरने देखने को मिल जाएंगे। गलताजी मंदिर खूबसूरत पहाड़ियों में बसा हुआ है, जिसे देखने के लिए हर साल पर्यटकों की भीड़ जमा रहती है।*

## हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

## समस्याएं तो आती-जाती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए। निराश होकर रुकना नहीं चाहिए, लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। तभी जीवन में कुछ उल्लेखनीय काम हो पाएंगे। आगे बढ़ते रहेंगे तो समस्याओं के हल भी मिलते जाएंगे।

सुझाव
अतुल मलिकराम



# ऐसे बढ़ेगा मतदान प्रतिशत

लोकसभा चुनाव 2024 के पांच चरणों का मतदान पूरा हो चुका है, हालांकि अब तक हुई 429 सीटों पर औसत मतदान लगभग 57.44 प्रतिशत रहा है। खुद चुनाव आयोग 60 फीसदी से कम मतदान को चिंताजनक मानता है। ऐसे में उन कारणों पर बात करना जरूरी है जो लगातार मतदान के प्रति लोगों के कम होते रुझान की वजह हो सकते हैं या उन वजहों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो कम मतदान का कारण बन रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले कुछ सवाल उठाने, उनके हल खोजने और कुछ सुविधाओं को सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बात करना जरूरी है। ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि देश का कोई भी वयस्क नागरिक कहीं से भी मतदान कर सके? क्यों न 75 वर्ष से ऊपर या बीमार व्यक्तियों के लिए एक मोबाइल पोलिंग बूथ की व्यवस्था हो? ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि 75 वर्ष से ऊपर या जरूरतमंद मतदाताओं को लाने-छोड़ने की व्यवस्था हो। ऐसे ही क्यों न पर्यटन या जरूरी कामों से सफर कर रहे मतदाता भी अपने मताधिकार का उपयोग करने में सक्षम हों? यूं भी एक चुनाव में हजारों करोड़ रुपये का खर्च आता है, फिर ऐसी कुछ व्यवस्थाओं में कुछ करोड़ और खर्च कर के यदि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है तो क्यों न इन उपायों पर गंभीरता से विचार किया जाए? चुनाव आयोग के नियमानुसार आपको आपके निर्वाचन क्षेत्र में ही मतदान देने का अधिकार है, लेकिन क्यों न ऐसी कोई व्यवस्था हो जो ऐसे मतदाताओं को कवर करती हो जो किसी भी कारण से अपने निर्वाचित क्षेत्र में मतदान वाले दिन उपलब्ध नहीं हैं। इन मतदाताओं के लिए प्रत्येक शहर में किसी भी निजी या सरकारी भवन में ऐसी व्यवस्था की जा सकती है, जिससे वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। हम एक एडवांस टेक्नोलॉजी वाले युग में जी रहे हैं, जहां हर रोज नए इन्वेंशन देखने को मिलते हैं, वहां क्या ऐसा कुछ नहीं हो सकता कि एक टेक्नोलॉजी बेस्ड सिस्टम हो। जाहिर तौर पर इसमें कुछ बेसिक दिक्कतें जरूर हो सकती हैं लेकिन इन्हीं दिक्कतों के ऊपर कम वोटिंग प्रतिशत का हल ढूंढा जा सकता है। जिस प्रकार सेना, सुरक्षा बलों या चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों को अपने मतदान केंद्र पर जाने की जरूरत नहीं होती और वे अपने कार्य स्थल से ही बैलेट पेपर पर वोट डाल सकते हैं, ऐसी ही कुछ व्यवस्था उन लोगों के लिए भी हो जो विभिन्न कारणों से अपने पोलिंग स्टेशन पर उपलब्ध नहीं हो पाते। दूसरी ओर वर्तमान लोकसभा चुनाव की ही बात करें तो इस बार 100 साल से ज्यादा के 2.18 लाख वोटर हैं। क्यों न ऐसे वोटर्स के लिए एक मोबाइल बूथ की व्यवस्था हो। हर शहर में कुछ ऐसे मोबाइल बूथ कार्यरत हों जो चिह्नित मतदाताओं के एरिया में मौजूद हों, उनके घरों के समीप हों, जिससे उन्हें अपने मत का उपयोग करने में आसानी हो। इसी प्रकार 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को पोलिंग स्टेशन तक लाने-छोड़ने की व्यवस्था भी की जा सकती है। प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर मोबाइल हेल्थ केयर वैन, पीने के पानी आदि सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं की पहल भी की जा सकती है। अंत में हम यह भी नहीं कह सकते कि वोट देना नागरिकों का कर्त्तव्य है तो कुछ भी कैसी भी परिस्थिति का सामना करके, वह अपने कर्त्तव्य का पालन करें। यदि कम होते वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी करनी है तो उपरोक्त कारणों और उनके उपायों पर भी गंभीरता से विचार किया जा सकता है, क्योंकि यदि ऐसे ही वोटिंग प्रतिशत कम होता गया तो इसे नागरिकों के लोकतंत्र से उठते विश्वास के रूप में भी देखा जाएगा, जो भारत जैसे विकासशील देश के लिए सम्मानजनक स्थिति नहीं है।

(लेखक राजनीतिक रणनीतिकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती



### आनलाइन ठगी के बावजूद नही सम्भल रहा है युवावर्ग

देश में आनलाइन ठगी की वारदात कम होने का नाम नही ले रहीं है। हररोज ठग युवाओं को अपनी जाल में फंसाते है। ठगी के समाचार हम अखबार में पढ़ते है लेकिन दूसरे दिन ऐसी घटना आकार ले लेती है। नौकरी के नाम पर युवा वर्ग ठगा जा रहा है। नौकरी का लालच देकर लाखों की रकम ऐंठ ली जाती है। शिक्षित वर्ग भी इनके झांसे में आते हैं। चंडीगढ़ में नौकरी का लालच देकर डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लिए गए। गूगल पर नौकरी का मैसेज देकर युवा छात्रों को नौकरी के झांसे में फंसाया जाता है। युवा इनके झांसे में आ जाते है। अपराध जगत में ठग हमारे साथ घटना को अंजाम दे उसके पहले ठगों के मनोबल को तोड़ने और उनकी मीठी भाषा पर पकड़ की जरूरत है। **-कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## करंट अफेयर

# डूबे पोत से मिले रुपए की लंदन में होगी नीलामी

वर्ष 1918 में लंदन से बंबई जाते समय समुद्र में एक पोत के डूबने के बाद उसके मलबे से मिले 10 रुपए के दो दुर्लभ भारतीय नोटों की अगले बुधवार को नीलामी की जाएगी। एसएस शिराला नामक पोत के मलबे से 10 रुपये के दो बैंक नोट बरामद किए गए थे, जिसे दो जुलाई, 1918 को एक जर्मन यू-बोट (पनडुब्बी) द्वारा डुबाया गया था। इन नोट पर 25 मई, 1918 की तारीख अंकित है। लंदन में नूनन्स मेफेयर नीलामी घर अपनी 'विश्व बैंकनोट' बिक्री के तहत इन नोटों को बोली लगाने के लिए पेश करेगा और अनुमान है कि इनकी कीमत 2,000 से 2,600 पाउंड के बीच रहेगी। नूनन्स में मुद्राशास्त्र से जुड़े मामलों की वैश्विक प्रमुख थॉमसिना स्मिथ ने कहा, 'इन नोटों की पूरी खेप के साथ मुरब्बे से लेकर गोला-बारूद तक सामग्री लंदन से बंबई भेजी जा रही थी, जब पोत को एक जर्मन यू-बोट द्वारा डुबा दिया गया।' उन्होंने कहा, कई नोट तैरकर किनारे पर आ गए जिनमें बिना हस्ताक्षर वाले पांच और 10 रुपये के नोट और एक रुपये के हस्ताक्षरित नोट शामिल थे। इनमें से एक रुपये का एक नोट इस नीलामी में भी शामिल है। अधिकांश नोट को बरामद कर लिया गया और बाद में सरकार द्वारा इन्हें नष्ट करा दिया गया और उनके स्थान पर नए नोट छापे गए।




## ऑफ बीट

# सूक्ष्मजीव के फिंगरप्रिंट से अपराध सुलझाने में मदद

जब आप किसी आपराधिक जांच के बारे में विचार करते हैं, तो आप जासूसों द्वारा घटनास्थल पर पाए गए सबूतों को सावधानीपूर्वक इकट्ठा करने और उनका विश्लेषण करने की कल्पना कर सकते हैं: जिनमें हथियार, जैविक तरल पदार्थ, पैरों के निशान और अंगुलियों के निशान शामिल हैं। हालांकि, यह अपराध में शामिल घटनाओं और व्यक्तियों की कड़ी जोड़ने के प्रयास की शुरुआत मात्र है। इस प्रक्रिया के मूल में 1900 के दशक के आरम्भ में फ्रांसीसी अपराध विज्ञानी एडमंड लोकार्ड द्वारा प्रतिपादित 'आदान-प्रदान का सिद्धांत' निहित है, जिसके अनुसार 'प्रत्येक संपर्क एक निशान छोड़ता है'। अपराध में शामिल पक्षों (पीड़ित, अपराधी, वस्तुएं, वातावरण) के बीच सामग्री का अदान-प्रदान घटनाओं की कड़ी को जोड़ने का आधार बनता है। लोकार्ड के समय में, ये निशान आम तौर पर ऐसी चीजें होती थीं जिन्हें आप आवर्धक लैंस या सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप) से देख सकते थे, जैसे पराग कण, मिट्टी और रेशे। हालांकि, इन सबूतों की सीमाएं थी क्योंकि आप इसे किसी खास व्यक्ति से नहीं जोड़ सकते। हमारे नवीनतम शोध में, हमने प्रस्तुत किया है कि कैसे किसी व्यक्ति की त्वचा पर मौजूद बैक्टीरिया उसके द्वारा पहने जाने वाले कपड़ों पर अपना निशान छोड़ते हैं - और कैसे ये निशान महीनों तक बने रहते हैं।



## ट्रेंड

### गर्व का क्षण



विशेष रूप से हमारे केन्द्रीय विद्यालय परिवार के लिए एक गर्व का क्षण। प्रीतिस्मिता को आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में उनकी उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं। वह चमकती रहें और ओडिशा तथा भारत को और अधिक गौरव दिलाती रहें।
**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### संघर्ष का नया अध्याय



सूडान में गहराता मानवीय दुःस्वप्न एल फैशर में बढ़ती शत्रुता के साथ अपने दूसरे वर्ष में प्रवेश कर गया है, जिससे इस संघर्ष में एक खतरनाक नया अध्याय खुल गया है। हमें युद्धविराम के लिए एक ठोस वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है।
**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### इतिहास खुद को दोहरा रहा



इतिहास खुद को दोहरा रहा है, क्योंकि तंबाकू उद्योग हमारे बच्चों को एक ही निकोटीन अलग-अलग पैकेजिंग में बेचने की कोशिश कर रहा है। जब वे बच्चों के लिए अत्यधिक नशे की लत वाले उत्पादों का विपणन कर रहे हैं तो वे नुकसान में कमी के बारे में कैसे बात कर सकते हैं?
**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### स्वयं को खोना होगा



आध्यात्मिक पथ पर होने का मतलब ईश्वर के करीब जाने की कोशिश करना नहीं है - आप ईश्वर के साथ एक होने की कोशिश कर रहे हैं। अपने जीवन में कुछ सार्थक खोजने के लिए, स्वयं को खोना होगा।
**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।







# मोदी आपके लिए जान की बाजी लगा देगा, ताकतवर भारत विकसित भारत के साथ ही विकसित हिमाचल ही मेरा सपना



**रामलला विराजमान लेकिन कांग्रेस नाखुश**

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज अयोध्या में रामलला विराजमान हुए, हिमाचल खुश हुआ है, देवी-देवता आशीर्वाद बरसा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस खुश नहीं है।

## पीएम मोदी ने शिमला में की रैली, कांग्रेस और इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया

एजेंसी ▶▶ शिमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिमला में एक जनसभा को संबोधित किया। मंडी लोकसभा सीट पर अभिनेत्री कंगना रनौत के लिए प्रचार किया। मोदी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सीमा से सटा हुआ राज्य है। हिमाचल के लोग एक मजबूत और ताकतवर सरकार का मतलब जानते हैं। मोदी आपके लिए जान की बाजी लगा देगा, लेकिन आप पर कभी संकट नहीं आने देगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस को ऐसा भारत पसंद है, जहां गरीबी हो, संकट हो, नागरिक समस्याओं से घिरे हों, इसलिए वो देश में पुराने हालात वापस लाना चाहती है। वो देश के विकास में रिवर्स गियर लगाना चाहती है। आज जिस प्रकार से आपने माहौल बना दिया है, जो जनसैलाब उमड़ा है। मुझे मालूम है मंडी लोकसभा की रैली अपने आप में पहाड़ चढ़ने जैसा है।

### कांग्रेस ने हिमाचल का अपमान किया

मोदी ने कहा कि 'कांग्रेस ने कंगना के लिए जो कहा वो मंडी का अपमान है, वो हिमाचल का अपमान है। जिस हिमाचल में देवियों की पूजा होती है, वहां के बेटियों के अपमान के लिए कांग्रेस ने माफी तक नहीं मांगी है। कंगना को आप जिताएंगे तो वह आपकी आवाज बनेंगी। कंगना विकास के लिए वह खुद को खपा देंगी। कंगना हमारी बेटियों के लिए प्रेरणा है।



### आप कांग्रेस का दौर देख चुके

मोदी ने कहा कि हिमाचल के लोग एक मजबूत और ताकतवर सरकार का मतलब जानते हैं। आपने कांग्रेस का दौर देखा है। जब एक कमजोर सरकार देश में हुआ करती थी। उस समय पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था। कांग्रेस की कमजोर सरकार दुनिया में गुहार लगाती फिरती थी। मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया से भीख नहीं मांगेगा, भारत अपनी लड़ाई खुद लड़ेगा और फिर भारत ने घर में घुसकर मारा।

**कांग्रेस ने लोगों से खूब झूठ बोला, वादे से भी मुकरी**

मोदी ने कहा कि सत्ता पाने के लिए कांग्रेस ने हिमाचल के लोगों से खूब झूठ बोला। इन्होंने कहा कि पहली कैबिनेट में ये होगा, वो होगा। कैबिनेट ही टूट-फूट गई।कांग्रेस ने 15 सौ रुपए देने की बात कही थी जो किसी को भी नहीं मिला। कांग्रेस ने गोबर का पैसा देने का वायदा भी किया था, वो नहीं दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने नौजवानों को पहली कैबिनेट में 1 लाख नौकरी मिलने को कहा था, वो भी नहीं मिली।

**कांग्रेस और इंडी गठबंधन स्वार्थी और अवसरवादी**

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन स्वार्थी और अवसरवादी है। 3 चीजें आपको इनमें कॉमन मिलेंगी,ये घोर सांप्रदायिक हैं। ये घोर जातिवादी हैं। ये घोर परिवारवादी हैं। 60 वर्ष तक कांग्रेस ने सोचा ही नहीं कि सामान्य वर्ग में भी गरीब होते हैं।

**कांग्रेस ने 9,000 संस्थानों में गरीबों का कोटा खत्म किया**

मोदी ने कहा है कि कांग्रेस ने देश के लगभग 9,000 संस्थानों मेंएससी, एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण खत्म कर दिया है। मोदी ने 'खान मार्केट गैंग' की भी आलोचना की है। 'मुस्लिम आरक्षण' पर कहा कि कांग्रेस सरकार से कह रहा हूं कि वे लिखित गारंटी दें कि वे संविधान नहीं बदलेंगे।

**कुशीनगर में नड्डा ने कहा**

## विपक्षी गठबंधन राम, राष्ट्र व सनातन विरोधी



**कुशीनगर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कुशीनगर में चुनावी जनसभा में इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार किया। नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन राम विरोधी, राष्ट्र विरोधी व सनातन विरोधी है। यूपीए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया था कि राम काल्पनिक हैं। इंडी गठबंधन दलित एवं पिछड़ा विरोधी भी है। यह आरक्षण पर डाका डालकर मुस्लिम तुष्टीकरण करना चाहते हैं।साखोपार स्थित किसान इंटर कॉलेज में कहा कि इंडी गठबंधन के लोग कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। इन लोगों ने कोयला घोटाला, चीनी घोटाला, चावल घोटाला, थ्री-जी घोटाला, टू-जी घोटाला, पनडुब्बी घोटाला समेत कई घोटाले किए। धरती, आकाश, हवा, समुद्र में घोटाला किया।

**बिहार में भटका योगी का हेलीकॉप्टर**

## जाना था पूर्वी चंपारण, पहुंच गया कहीं और



**नई दिल्ली।** भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ देशभर में चुनावी रैलियां कर रहे हैं। योगी बिहार में भी चुनावी प्रचार के लिए पहुंचने वाले थे, लेकिन उनका हेलीकॉप्टर रास्ता भटक गया और किसी दूसरी जगह पहुंच गया। योगी ने बिहार में दो जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने शाम 6 बजे चुनाव प्रचार समाप्त होने से कुछ दे पहले ही चंपारण में रैली की और लोगों को संबोधित किया। सीएम योगी ने पहले पश्चिमी चंपारण की रैली को संबोधित किया और बाद में पूर्वी चंपारण की रैली को संबोधित किया।

**अनुराग का सुक्खू पर हमला**

## बहनों को अब तक नहीं दिए 1500 रुपए



**हमीरपुर।** केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और हिमाचल के सीएम सुखविंदर सुक्खू पर बड़ा जुबानी हमला बोला। हिमाचल में कांग्रेस सरकार बने 18 महीने बीत गए हैं। मगर अब तक हमारी बहनों को 1500-1500 रुपए नहीं दिए गए।

**खरगे का बड़ा दावा**

## कांग्रेस अकेले हासिल करेगी 273 से ज्यादा सीटें



**नई दिल्ली।** कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया है कि कांग्रेस अकेले 273 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल कर अकेले बहुमत हासिल करेगी। लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक 300 से अधिक सीटें जीतेगा।



**आरा में शाह का इंडी गठबंधन पर तीखा प्रहार**

## बिहार को विकास चाहिए या गोलियों की भाषा

आरा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए के प्रत्याशी आरके सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने शुक्रवार को आरा पहुंचे। यहां के रमना मैदान स्थित वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में उनका भव्य स्वागत किया गया। शाह ने जंगलराज का हवाला देकर महागठबंधन के दलों पर करारा प्रहार किया। यहां माले जीत गया तो नक्सलवाद और गोलियां फिर से आएंगी। खेत खलिहाल पर कब्जा, अपहरण की इंडस्ट्री चलेगी। नक्सलवाद बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि लालू यादव का सूफड़ा साफ होगा और घमंडिया गठबंधन का खाता भी नहीं खुलेगा।

**मोदी ने ही पिछड़ों-वंचितों का सम्मान किया**

शाह ने परिवारवाद पर हमला करते हुए कहा कि लालू के दोनों लाल बिहार में मंत्री बने। एक पुत्री राज्यसभा सांसद बनी. एक पुत्री को सीवान में सांसद बनाया. राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया. राबड़ी देवी के दोनों भाई को भी मंत्री और सांसद लालू जी ने बनाया। लालू यादव ने पिछड़ों का सम्मान नहीं किया।शाह ने कहा कि पीओके हमारा था और हमारा ही रहेगा, बहुत जल्द हम पीओके को भारत मे शामिल कराएंगे। अब आरा की जनता तय कर ले कि उन्हें विकास चाहिए या गोलियों की भाषा।

**थरूर का चुनाव आयोग से सवाल**

## क्या चुनाव लड़ने योग्य हैं पीएम मोदी?



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच पीएम मोदी के एक बयान पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कटाक्ष किया और चुनाव आयोग को भी घसीट लिया। मोदी की 'परमात्मा द्वारा भेजे जाने' वाली टिप्पणी को लेकर एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग से सवाल किया कि क्या कोई दैवी प्राणी भारत में नागरिकता के लिए पात्र हो सकता है और अगर नहीं तो क्या उसे वोट देने या चुनाव लड़ने का अधिकार है?

**खबर संक्षेप**

### प्रमाणपत्रों को रद्द करने को चुनौती देंगी ममता

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने 2010 से राज्य में जारी सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया था। इससे नाराज पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने शुक्रवार को ऐलान किया कि उनकी सरकार हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देगी। दक्षिण चौबीस परगना जिले के सागर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बेनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार गर्मी की छुट्टियों के बाद ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाएगी।

### आजम परिवार को हाई कोर्ट से मिली जमानत

**इलाहाबाद।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान एंड फैमिली को बर्थ सर्टिफिकेट मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट से राहत मिली है। परिवार के तीनों सदस्यों आजम खान, बेटा अब्दुल्ला आजम और पत्नि तंजीन फातिमा को जमानत मिल गई है। कोर्ट ने आजम की 7 साल की सजा पर भी रोक लगा दी है। आजम एक और केस में बाहर नहीं आ पाएंगे।

**मौसम विभाग का 7 राज्यों में 5 दिन हीटवेव का रेड अलर्ट**

# राजस्थान में दिन-रात में बढ़ी तपन बाड़मेर 'जला', बदलाव के संकेत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में तापमान 40 से 46 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में अगले 5 दिन ऐसे ही हालात रहेंगे। इन राज्यों में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान में गुरुवार की रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। पाली में शुक्रवार को गर्मी से मां-बेटे की मौत हो गई। राज्य में अब तक 12 लोगों की मौत चुकी है। बाड़मेर में तापमान लगातार तीसरे दिन 48 डिग्री के पार रहा। जैसलमेर से सटे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तापमान 53 डिग्री तक रिकॉर्ड किया गया।

## बाड़मेर में पारा 49 के करीब, 12 लोगों की मौत



**पानी का संकट**

केंद्रीय जल आयोग के अनुसार पिछले सात दिन में भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में जलस्तर पांच सालों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। दिल्ली में यमुना नदी में जलस्तर कम हो गया है। कई इलाकों में पानी की सप्लाई पर असर पड़ा है।

## पेड़ गिरे और सड़कों पर जलभराव, कई इलाकों में अलर्ट

**एर्नाकुलम।** केरल में मानसून से पहले ही जोरदार बारिश हुई। एर्नाकुलम के कुछ हिस्सों में जलजमाव है। सड़कों पर पानी जमा हो गया है और गाड़ियों उसके बीच से गुजरती देखी जा सकती हैं। मौसम विज्ञान विभाग



ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। त्रिशूर में एक पेड़ गिर गया जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और सड़क को साफ किया। राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी है।

### उधर, अन्य प्रदेशों में भी गर्मी विकराल, 'रुमेल' करेगा मौसम में परिवर्तन

पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ के ज्यादातर भागों और दिल्ली में कहीं-कहीं सोमवार तक भीषण गर्मी जारी रहने का अनुमान व्यक्त किया है। देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के बाद एक बार फिर मौसम बदलने की उम्मीद है। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवर्ती तूफान रुमेल धीरे-धीरे मजबूत होकर पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय क्षेत्रों की ओर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव बढ़ता जा रहा है और रविवार शाम तक भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और आसपास के पश्चिम बंगाल तटों तक पहुंच जाएगी। इसके प्रभाव से तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश होगी। यह शनिवार सुबह चक्रवाती तूफान में बदल कर तेज हो जाएगा और रविवार शाम तक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल तट पर पहुंच जाएगा।

**गेहूं की खरीद पूरे जोर पर**

## केंद्रीय पूल में 262.48 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**खास बातें**

- 22 लाख 31 हजार किसानों को एमएसपी पर 59,715 करोड़ रुपए का भुगतान
- खरीदारी में पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी का सबसे अधिक रहा योगदान
- 98 .26 लाख किसानों से 728 लाख टन धान की खरीदारी की

रबी विपणन सीजन 2024-25 के दौरान देश के प्रमुख खरीदारी करने वाले राज्यों में इस वर्ष अब तक केंद्रीय पूल में 262.48 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है, जो पिछले वर्ष की कुल 262.02 लाख मीट्रिक टन खरीदारी से अधिक है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार रबी सीजन 2024-25 के दौरान कुल 22.31 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं और उन्हें कुल 59,715 करोड़ रुपए का भुगतान न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला है। गेहूं की खरीदारी में मुख्य योगदान पांच खरीद करने वाले राज्यों अर्थात पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का रहा है, जहां क्रमशः 124.26 लाख मीट्रिक टन, 71.49 लाख मीट्रिक टन, 47.78 लाख मीट्रिक टन, 9.66 लाख मीट्रिक टन और 9.07 लाख मीट्रिक टन की खरीद की गई। चावल की खरीदारी भी सुचारू रूप से चल रही है। खरीफ विपणन तक 98.26 लाख किसानों से सीधे ही 489.15 लाख मीट्रिक टन चावल के बराबर 728.42 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदारी की गई है और लगभग 1,60,472 करोड़ का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया गया है।

खरीदारी की उपरोक्त मात्रा के साथ, वर्तमान में केंद्रीय पूल में गेहूं और चावल का संयुक्त स्टॉक 600 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है, जो देश की पीएमजीकेएवाई तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत खाद्यान्न की अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने और बाजार उपायों के लिए भी एक सुखद स्थिति दर्शाता है।

**लोकसभा चुनाव के छठे चरण का चुनाव आज**

**फिल्म-संगीत जगत के दिग्गजों की भी सियासी साख के लिए होगी अग्नि परीक्षा**

# दांव पर चार केंद्रीय मंत्रियों व तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों के लिए कल शनिवार 26 मई को चुनाव कराया जाएगा। इस चरण में 94 महिलाओं और एक थर्ड जेंडर समेत 889 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनके सामने 11 करोड़ 13 लाख 16 हजार 606 मतदाताओं के चक्रव्यूह को भेदने की दरकार होगी। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री और चार केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर होगी। वहीं फिल्म अभिनेता, गायक और कलाकारों के अलावा पूर्व मंत्रियों, सांसदों समेत अनेक राजनैतिक दिग्गजों के सियासी भविष्य का फैसला भी मतदाता करेंगे।

शनिवार को 58 लोकसभा सीटों पर होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार की शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। अब शनिवार को आठ राज्यों की 58 सीटों पर होने वाले चुनाव में 889 प्रत्याशियों के लिए ईवीएम का बटन दबाया जाएगा। इस चरण में हरियाणा की 10 सीटों पर सबसे ज्यादा 223 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि लोकसभा सीट के



हिसाब से देखा जाए तो हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा 31 प्रत्याशी चुनव मैदान में हैं। ओडिशा की 6 लोकसभा सीटों के साथ 42 विधानसभा सीटों पर भी मतदान कराया जाएगा।

### इन पूर्व मुख्यमंत्रियों व केंद्रीय मंत्रियों की दांव पर प्रतिष्ठा

छठे चरण में हरियाणा की गुड़गांव लोकसभा सीट पर केंद्रीय योजना, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह, फरीदाबाद सीट से केंद्रीय ऊर्जा और भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के अलावा ओडिशा की संबलपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तथा पश्चिम बंगाल की बांकुरा लोकसभा सीट से केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डा. सुभाष सरकार की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। वहीं जिन तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों की इस चुनावी संग्राम में अग्नि परीक्षा होनी है, उनमें हरियाणा की करनाल लोकसभा सीट से भाजपा के मनोहरलाल खट्टर, जम्मू कश्मीर की राजौरी-अनंतनाग सीट से पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती और यूपी की डुमरियागंज सीट से भाजपा के जगदंबिका पाल शामिल है।

### इन दिग्गजों की दांव पर साख

छठे चरण में यूपी की सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, बिहार की पूर्वी चंपारण से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, हरियाणा की सिरसा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, हिसार से हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री रणजीत चौटाला सियासी साख भी दांव पर लगी है। वहीं सियासी प्रतिष्ठा के लिए राष्ट्रीय राजधानी की उत्तर पूर्व दिल्ली सीट से भाजपा प्रत्याशी भोजपुरी गायक मनोज तिवारी और कांग्रेस के कन्हैया कुमार, नई दिल्ली सीट से भाजपा की बांसुरी स्वराज, उत्तर पश्चिम दिल्ली से कांग्रेस के उदित राज, हरियाणा की गुडगंव से फिल्म अभिनेता राजबब्बर, यूपी की आजमगढ़ सीट से भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ, बिहार की सिवान सीट से बाहुबली शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब, हरियाणा की हिसार सीट से जेजेपी की नैना चौटाला और इनेलो की सुनैना चौटाला, रोहतक से कांग्रेस के दीपेन्द्र हुड्डा व भाजपा के अरविंद शर्मा, झारखंड रांची सीट से भाजपा के संजय सेठ, ओडिशा की पुरी सीट से भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा, कटक से बीजद छोड़कर भाजपा प्रत्याशी बने भृतहरि महताब और भुवनेश्वर से अपराजिता सारंगी जैसे दिग्गज चुनावी मैदान में हैं। दक्षिणी दिल्ली सीट से बाल्टी चुनाव चिन्ह पर बिहार निवासी एक थर्ड जेंडर राजन सिंह भी अपनी किस्मत आजमा रहा है।

### निर्दलीय प्रत्याशियों की भरमार

इस चरण में 58 सीटों पर प्रमुख राजनैतिक दलों में सबसे ज्यादा 54 प्रत्याशी बसपा ने उतारे हैं। भाजपा के 51, कांग्रेस के 25, सपा के 12, जेजेपी के 10, तृणमूल कांग्रेस के 9, इनेलो के 7, बीजद के 6, आप और सीपीआई(एम) के 5-5, जदयू व राजद के 4-4, सीपीआई और एआईएमआईएम के 3-3, झामुमो व अजसू के 2-2 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। हालांकि इस चरण में 325 प्रत्याशी निर्दलीय तौर पर भी चुनावी जंग में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### फिलहाल किसके पास कितनी सीटें

लोकसभा के छठे चरण में 58 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होना है। उनमें साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने सबसे ज्यादा 40 सीटें जीतकर अपना दबदबा बनाया था। जबकि बीजद व बसपा ने 4-4, तृणमूल कांग्रेस व जदयू ने 3-3, सपा, लोजपा, आजसू और नेशनल कॉफ्रेंस ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की थी। पिछले चुनाव में भी कांग्रेस, आप, राजद जैसे दल का खाता भी नहीं खुला था।

## खबर संक्षेप

### मजबूत संकेतक वैश्विक चुनौतियों से निपटने में करेंगे मददः वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि देश के मजबूत वृहत-आर्थिक संकेतकों से अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को भू-राजनीतिक तनाव से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने और चालू वित्त वर्ष में वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने में मदद मिलनी चाहिए। वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि संगठित क्षेत्र में नौकरियां बढ़ रही हैं और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत शुद्ध रूप से नियमित वेतन पर रखे जाने वाले लोगों की संख्या का बढ़ना इस तरफ इशारा भी करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में शहरी बेरोजगारी दर में सालाना आधार पर गिरावट आई है और श्रम बल भागीदारी दर एवं जनसंख्या के अनुपात में कामगारों की संख्या भी बेहतर हुई है।

### एनसीएलएटी ने गूगल मामले की सुनवाई पांच जुलाई तक टाली

**नई दिल्ली।** दिवाला अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने शुक्रवार को दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल के खिलाफ उसकी प्ले स्टोर बिलिंग नीति को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई पांच जुलाई के लिए टाल दी। राष्ट्रीय कंपनी विध अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) की दो सदस्यीय पीठ ने इन याचिकाओं पर एक संक्षिप्त सुनवाई के बाद मामले को पांच जुलाई को गर्मी की छुट्टियों के बाद सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ), इंडियन डिजिटल मीडिया इंडस्ट्री फाउंडेशन, शादी डॉट कॉम का संचालन करने वाली पीपल इंटरएक्टिव इंडिया और कुकू एफएम का संचालन करने वाली मेबिगो लैब्स ने प्ले स्टोर बिलिंग नीति के खिलाफ एनसीएलएटी के समक्ष याचिका दायर की है। कार्यवाही के दौरान, ऐप डेवलपर की ओर से उपस्थित वकील ने पीठ से सुनवाई की अगली तारीख तक यथास्थिति बनाए रखने का अनुरोध किया।

अर्थशास्त्री पिकेटी की अगुवाई में तैयार शोधपत्र में दिया गया सुझाव

# भारत में बढ़ती असमानता दूर करने के लिए अमीरों पर लगे करः शोधपत्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारत में बढ़ती असमानता को दूर करने के लिए 10 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध संपत्ति पर दो प्रतिशत कर और 33 प्रतिशत विरासत कर लगाने की जरूरत है। अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी की अगुवाई में तैयार एक शोध-पत्र में यह सुझाव दिया गया है।*

शोध-पत्र में धन वितरण के शीर्ष पर बड़े पैमाने पर व्याप्त संकेंद्रण से निपटने और महत्वपूर्ण सामाजिक क्षेत्र में निवेश के लिए मूल्यवान राजकोषीय गुंजाइश बनाने के लिए धनाढ्य लोगों पर एक व्यापक कर पैकेज का प्रस्ताव रखा गया है।

### 99.96 फीसदी वयस्कों को कर से अप्रभावित रखना होगा

भारत में अत्यधिक असमानताओं से निपटने के लिए संपत्ति कर पैकेज के प्रस्ताव शीर्षक वाला शोध-पत्र के मुताबिक, '99.96 प्रतिशत वयस्कों को कर से अप्रभावित रखते हुए असाधारण रूप से बड़े कर राजस्व में वृद्धि की जानी चाहिए।'

### कर लगाने से जीडीपी में 2.73 फीसदी का योगदान होगा

इसमें कहा गया है, आधारभूत स्थिति में 10 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध संपत्ति पर दो प्रतिशत वार्षिक कर और 10 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति पर 33 प्रतिशत विरासत कर लगाने से मिलने वाला राजस्व सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2.73 प्रतिशत का बड़ा योगदान देगा।

### सार्वजनिक खर्च को दोगुना करना होगा

शोध-पत्र में कहा गया है कि कराधान प्रस्ताव के साथ गरीबों, निचली जातियों और मध्यम वर्ग को समर्थन देने के लिए स्पष्ट पुनर्वितरण नीतियों की जरूरत है। इस प्रस्ताव के मुताबिक, आधारभूत परिस्थिति में शिक्षा पर वर्तमान सार्वजनिक खर्च को लगभग दोगुना करने की संभावना बनेगी।



*कराधान प्रस्ताव पर बहस की जरूरत : यह शोध-पत्र कराधान प्रस्ताव पर बड़े पैमाने पर बहस की जरूरत बताते हुए कहता है कि कर न्याय और धन पुनर्वितरण पर व्यापक लोकतांत्रिक बहस से आम सहमति बनाने में मदद मिलेगी।*

- 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति पर दो प्रतिशत कर लगाने की जरूरत
- अमीरों पर 33 प्रतिशत विरासत कर लगाने की आवश्यकता
- धनाढ्य लोगों पर एक व्यापक कर पैकेज का प्रस्ताव रखा गया

### भारत में आर्थिक असमानताएं ऐतिहासिक ऊंचाई पर

इसके पहले जारी 'भारत में आय और संपत्ति असमानता 1922-2023' रिपोर्ट भी कहती है कि भारत में आर्थिक असमानताएं ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। इसमें कहा गया है कि इन चरम असमानताओं और सामाजिक अन्याय के साथ उनके घनिष्ठ संबंध को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

### 2000 के दशक से भारत में असमानता बढ़ती जा रही

रिपोर्ट के लेखकों ने 20 मार्च को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि 2000 के दशक की शुरुआत से भारत में असमानता लगातार बढ़ती जा रही है। वर्ष 2022-23 में देश की शीर्ष एक प्रतिशत आबादी की आय और संपत्ति में हिस्सेदारी क्रमशः 22.6 प्रतिशत और 40.1 प्रतिशत तक पहुंच गई थी।

### एक फीसदी आबादी की आय में ऊंची हिस्सेदारी

यह शोध-पत्र कहता है, 'वित्त वर्ष 2022-23 में शीर्ष एक प्रतिशत आबादी की आय और संपत्ति में ऊंची हिस्सेदारी अपने उच्चतम ऐतिहासिक स्तर पर रही और यह अनुपात दुनिया में सबसे अधिक है, यहां तक कि दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक है।'

### सिट्रोएन ने धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली फ्रांस की सिट्रोएन ने भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को देश में अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। धोनी जल्द एक अभियान के जरिए सिट्रोएन के साथ नजर आएंगे। सिट्रोएन इंडिया के ब्रांड निदेशक शिशिर मिश्रा ने कहा, 'हमारा मानना है कि भारत के बेहतरीन क्रिकेटरों में से एक धोनी का हमारे साथ जुड़ना भारतीय बाजार में हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने में काफी मददगार साबित होगा।

### फ्लिपकार्ट में 35 करोड़ डॉलर में छोटी हिस्सेदारी खरीदेगी गूगल

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने ताजा वित्तपोषण दौर में ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में छोटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए करीब 35 करोड़ डॉलर (करीब 2,900 करोड़ रुपये) के निवेश का प्रस्ताव रखा है। वॉलमार्ट समूह की कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, फ्लिपकार्ट वित्तपोषण के मौजूदा दौर में एक अरब डॉलर जुटा रही है और उसे अपनी मूल कंपनी एवं अमेरिकी खुदरा दिग्गज वॉलमार्ट से 60 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता मिली है। फ्लिपकार्ट ने एक बयान में कहा, "वॉलमार्ट की अगुवाई में होने वाले नए वित्तपोषण दौर के तहत फ्लिपकार्ट ने गूगल को अल्पांश निवेशक के तौर पर अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। यह कदम दोनों पक्षों की तरफ से नियामकीय एवं अन्य प्रक्रियागत अनुमोदनों के अधीन होगा।" फ्लिपकार्ट ने कहा, "गूगल के प्रस्तावित निवेश और उसके क्लाउड सहयोग से फ्लिपकार्ट को अपने कारोबार का विस्तार करने और देश भर में ग्राहकों को सेवा देने के लिए अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।"

**सूचना**

मैं, शीला देवी पत्नी स्वर्गीय श्री सुशील सैनी निवासी मकान नं. 7, गली नं. 3, कुशक हिरनकी, उत्तरी पश्चिमी, दिल्ली-110036 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र उमेश सैनी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल व सम्बंध विच्छेद करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

IN THE COURT OF SH. SURINDER S. RATHI, DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT-03) AT... ROOM NO. 303, SHAHDARA DISTT. KARKARDOOMA COURT, DELHI.
PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
Case Reg. No.: CS(COMM) No. 514/2023
SHAHDARA DISTT. KARKARDOOMA COURT DELHI
ALPANA KUMARI SADH.. ...Plintiff
Against
MANOJ GUPTA AND ANR.. ...Defendant
To,
RITIKA GARG LEGAL REPRESENTATIVE OF LATE SMT. SHOBHA GUPTA PROPRIETOR OF M/S BALAJI FABRICS
1ST ADDRESS
X-4022, GALI NO. 16, SHANTI MOHALLA, GANDHI NAGAR, EAST DELHI, DELHI-31
IIND ADDRESS
HOUSE NO. A-265, SURAJ MAL VIHAR, DELHI-110092

WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 03.06.2024 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte. Given under my hand and the seal of the court, this 08.5.2024

Seal DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT-03)

- एफएमसी, आईटी कंपनियों में हुई मुनाफावसूली
- वैश्विक बाजार में कमजोर निवेशक धारणा से बाजार रहा प्रभावित

## नए शिखर पर पहुंचने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में रही मामूली गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई




दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, आईटी और स्वास्थ्य देखभाल कंपनियों में मुनाफावसूली हावी होने से शुक्रवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान एक समय स्थानीय शेयर बाजार नए शिखर पर पहुंच गए थे। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक इक्विटी बाजारों में कमजोरी से निवेशक धारणा प्रभावित हुई लेकिन विदेशी पूंजी की आवक फिर शुरू होने और कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता ने बाजार को समर्थन देने का काम किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 7.65 अंक यानी 0.01 प्रतिशत गिरकर 75,410.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 218.46 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 75,636.50 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर भी पहुंच गया था। निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में पहली बार 23,000 अंक के स्तर को पार कर गया। लेकिन बाद में बिकवाली के दबाव में यह 10.55 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,957.10 अंक पर बंद हुआ।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़ : सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील और आईटीसी में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में बढ़त रही।*

### जेएलआर भारत में रेंज रोवर, रेंज रोवर स्पोर्ट का करेगी उत्पादन



**मुंबई।** जगुआर लैंड रोवर भारत में अपनी रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का उत्पादन शुरू करेगी। इनके 54 साल के लंबे इतिहास में पहली बार ब्रिटेन के बाहर इन प्रतिष्ठित मॉडल का उत्पादन किया जाएगा। जगुआर लैंड रोवर का स्वामित्व टाटा मोटर्स के पास है। अभी तक इन दोनों मॉडल का उत्पादन केवल ब्रिटेन में जगुआर लैंड रोवर के सोलिहुल संयंत्र में किया जाता है और वहां से इनका भारत सहित वैश्विक स्तर पर करीब 121 बाजारों में निर्यात किया जाता है। स्थानीय उत्पादन के साथ दोनों मॉडल की कीमत 18-22 प्रतिशत तक कम होना तय है।

**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 24.05.2024

शुद्धिपत्र -VII

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 28.06.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 30.05.2024 को स्थगित कर 28.06.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in

1562/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अदाणी पोर्ट्स को विप्रो की जगह सेंसेक्स में शामिल किया गया

**नई दिल्ली।** देश के दूसरे सबसे अमीर उद्योगपति गौतम अदाणी की अदाणी समूह के लिए खुशखबरी है। ग्रुप की पोर्ट्स से जुड़ी कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड को बीएसई सेंसेक्स में शामिल करने का फैसला लिया गया है। अदाणी पोर्ट्स ने सेंसेक्स में आईटी सेक्टर की दिग्गज विप्रो की जगह ली। 24 जून, 2024 को अदाणी पोर्ट्स सेंसेक्स के टॉप 30 शेयरों में विप्रो की जगह शामिल की गई। एसएंडपी डाओ जोंस इंडाइसेज ने शुक्रवार को ये फैसला लिया है कि 24 जनवरी 2024 से विप्रो की जगह अदाणी पोर्ट्स 30 शेयरों वाले इंडेक्स सेंसेक्स में शामिल होगी। अदाणी समूह की स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स पहली कंपनी है जिसे सेंसेक्स में शामिल किया जा रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी 50 में अदाणी एंटरप्राइजेज और अदाणी पोर्ट्स दोनों ही शामिल है। शुक्रवार 24 मई 2024 के कारोबारी सत्र में अदाणी पोर्ट्स का स्टॉक 1.89 रुपए की गिरावट के साथ 1416 रुपए पर क्लोज हुआ है।

**ऑलटाइम हाई पर विदेशी मुद्राबाजार (मुंबई)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 मई को समाप्त सप्ताह में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 648.7 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह विदेशी मुद्राभंडार में वृद्धि का लगातार तीसरा सप्ताह है। इससे पहले के सप्ताह में यह 2.56 अरब डॉलर बढ़कर 644.15 अरब डॉलर रहा था।

## सोने में गिरावट जारी, 900 रुपये टूटा

- सोना लगातार तीसरे दिन घटकर 72650 रुपए प्रति दस ग्राम

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच शुक्रवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 900 रुपये टूटकर 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र बृहस्पतिवार को सोना 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को रुपये में 50 रुपये की मामूली गिरावट आई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। उम्मीद से अधिक मजबूत अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के बाद सोने में गिरावट आई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व लंबे समय के लिए ब्याज दर को ऊंचा रखेगा। इस बीच, चांदी की कीमत 500 रुपये की गिरावट के साथ 92,100 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 92,600 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशी बाजारों से नरमी के संकेत के बीच दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 900 रुपये की गिरावट के साथ 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं।''

*वैश्विक बाजार में भी सोने में गिरावट : अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,340 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 35 डॉलर कम है। चांदी भी गिरावट के साथ 30.45 डॉलर प्रति औंस पर रही।*

## न्यायालय में अडाणी कोयला निर्यात मुकदमे के शीघ्र समाधान के लिए 21 अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने लिखा पत्र

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

कम से कम 21 अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर उच्चतम न्यायालय से राजस्व आसूचना निदेशालय द्वारा लंबे अरसे से दाखिल मुकदमे के शीघ्र समाधान का अनुरोध किया है। आसूचना निदेशालय इंडोनेशियाई कोयला आयात मामले में अडाणी समूह की कंपनियों द्वारा कथित अधि-मूल्यांकन की जांच कर रहा है। लंदन के फाइनेंशियल टाइम्स ने जॉर्ज सोरोस समर्थित 'ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) के दस्तावेज के हवाले से एक खबर जारी की है, जिसके बाद संगठनों ने यह पत्र लिखा है। खबर में अडाणी समूह द्वारा 2013 में खराब गुणवत्ता वाले कोयले को अधिक मूल्य के ईंधन के रूप में बेचकर 'धोखाधड़ी' करने का आरोप लगाया गया था। 'द फाइनेंशियल टाइम्स' की खबर के मुताबिक, संगठनों ने कहा कि वह जीवाश्म ईंधन के लगातार प्रयोग के खिलाफ सख्ती से खड़े हैं। खबर के मुताबिक, अडाणी समूह ने तमिलनाडु के टैंगेडको के साथ मिलकर घटिया गुणवत्ता वाले कोयले को महंगी दर पर साफ ईंधन के रूप में बेचा था, जिसके नये और विस्तृत सबूत पेश किये गये हैं।

**गुमशुदा की तलाश**



चंचल कश्यप

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः** चंचल कश्यप, **पुत्रीः** संजय कश्यप, **पताः** सी–736, गली नं.–03, संगम विहार, नई दिल्ली **लिंगः** महिला, **उम्रः** 25 साल, **कदः** 5'01", **रंगः** गोरा, **शरीरः** मीडियम, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** काले रंग का सूट एवं सलवार पहने है, जो दिनांक 20.05.2024 से नई दिल्ली के संगम विहार थाना क्षेत्र से लापता है। इस बाबत **GD No. 81A, दिनांकः 21.05.2024, थानाः संगम विहार, नई दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोनः 011-24368638, 24368641
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
DP/6152/SD/2024

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः संगम विहार, नई दिल्ली
फोनः 8750870833, 7065569303

**गुमशुदा की तलाश**



आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह लड़का (फोटो में दर्शाया गया है) जिसका नाम **रामजी निवासी मणिपुर, जिला कोलोही, मध्य प्रदेश** है, **सीडब्ल्यूसी कार्यालय, संस्कार आश्रम, दिलशाद गार्डन, जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के क्षेत्र से लापता/अपहृत हो गया है। इस संबंध में **थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** में **FIR No.253/2017, दिनांक 31.07.2017** दर्ज की गई है। स्थानीय पुलिस द्वारा लापता लड़के का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है।

**बालक का शारीरिक विवरण इस प्रकार हैः-**

**लिंगः** पुरुष, **उम्रः** 12 वर्ष, **कदः** 3'05" फीट, **रंगः** गेहुंआ, **पहनावाः** गुलाबी कुर्ता और पायजामा और नंगे पैर।

यदि किसी को इस लड़के के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली
मोबाईलः +91 7065036031
DP/6074/SHD/2024

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

(फ्रॉड कॉल से सावधान)
RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS SENDING JOB) करके लड़के- लडकियां, गृहणियां, घरबैठे कमाएं (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS / WHATSAPP करें :- 07827428113, 07679699330

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5521




**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास–3
4.पानी से सराबोर–5
8.अंधकार–3
9.आक्रमण–3
10.दम, सुट्टा–2
12.समय, वक्त–2
13.कहानी लेखक–5
16.अपराधी, गुंडा–4
17.आलोकित होना–4
18.उद्देश्य, मंजिल–2
19.छाती, सिलना–2
20.जागरण–4
23.सफल, उत्तीर्ण–4
25.पत्नी का नाना–2,3
28.मार्ग, रास्ता–2
29.जरा, थोड़ा–2
31.वैमनस्य–3
33.पाजेब–3
35.जरुरतमंद–3,2
36.गदर, क्रांति–3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह–3
2.वोट,राय–2
3.हथियार, गोला-बारूद–4
4.सनसनी, रोमांच–4
5.एक विदेशी शराब–2
6.आफत, मुसीबत–2
7.उपपत्नी–3
11.बलिदानी–3
12.कार्य करने वाला–3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना–2,3
14.पानी, जल–2
15.निर्माण करने वाला–5
21.प्रकार–3
22.उम्मीद, आशा–2
24.भिखारी–3
26.ख्यात,प्रसिद्ध–4
27.मदिरापान–4
28.मदद,आराम–3
30.इससे कच्ची शराब बनती है–3
31.उस समय–2
32.नागालैंड की एक जाति–2
34.अधर, होठ–2

### शब्द पहेली- 5520 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | रा | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |



# बीसीसीआई ने किसी ऑस्ट्रेलियाई को नहीं दिया कोच पद का ऑफर: जय शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून 2024 में पूरा होने जा रहा है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नए हेड कोच की तलाश भी शुरू कर दी है। बीसीसीआई ने नए हेड कोच पद के लिए आवेदन मंगाना शुरू कर दिया है। बीसीसीआई सेक्रेटरी जय शाह ने कहा था कि इस बार विदेशी कोच को भी यह पद मिल सकता है। इसके बाद से मीडिया में अलग-अलग नाम को लेकर चर्चा होने लगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग, जस्टिन लैंगर, न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफेन फ्लेमिंग और गौतम गंभीर से बीसीसीआई ने कोच पद को लेकर संपर्क किया है। रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर ने भारतीय हेड कोच के पद को लेने से खुलेआम मना भी कर दिया, जिसके बाद जय शाह ने साफ किया है कि किसी भी ऑस्ट्रेलियाई से इस पद के लिए ना उन्होंने और ना ही बीसीसीआई के किसी अधिकारी ने संपर्क किया है।



### भारतीय क्रिकेट की समझ वाले की खोज

जय शाह ने एक बयान में कहा, 'भारतीय क्रिकेट टीम के लिए सही कोच चुनना काफी लंबा-चौड़ा प्रोसेस है। हम ऐसे लोगों को देख रहे हैं, जिन्हें इंडियन क्रिकेट स्ट्रक्चर की एकदम सही समझ है। यह जरूरी है कि नए हेड कोच को भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट की पूरी समझ हो और वह इंडियन टीम को और आगे तक लेकर जाए।'

### छोड़नी होगी आईपीएल

इंडियन प्रीमियर लीग में रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए हैं, जस्टिन लैंगर लखनऊ सुपर जायन्ट्स के साथ जुड़े हुए हैं और स्टीफन फ्लेमिंग चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ जुड़े हुए हैं। इसके अलावा गौतम गंभीर की बात करें तो वो कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर हैं। जो भी भारतीय हेड कोच बनेगा, उसे आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम का साथ छोड़ना होगा।



### पोंटिंग-लैंगर ने दिया था बयान

रिकी पोंटिंग ने हाल में आईसीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि आईपीएल के दौरान कुछ वन ऑन वन चर्चा हुई थी ये जानने के लिए क्या मैं यह रोल लेने के लिए तैयार हूं। पोंटिंग और लैंगर दोनों ने अलग-अलग वजह देकर भारतीय हेड कोच पद लेने से मना किया है। हालांकि जय शाह के हिसाब से इनसे कभी बीसीसीआई ने संपर्क किया ही नहीं है।

### लैंगर ने राहुल की सलाह के बाद कोच बनने का इरादा त्यागा

*आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जस्टिन लैंगर भारत का मुख्य कोच बनने की संभावना पर विचार कर रहे थे लेकिन इससे जुड़े 'दबाव और राजनीति' को लेकर केएल राहुल की सलाह के बाद उन्होंने यह ख्याल जेहन से निकाल दिया। लखनऊ सुपर जाइंट्स आईपीएल टीम के मुख्य कोच लैंगर ने कहा, 'यह शानदार काम होगा। मैं आस्ट्रेलियाई टीम के साथ चार साल कोच रह चुका हूं लेकिन यह काफी थकाऊ होता है। लेकिन किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मैं केएल राहुल से बात कर रहा था तो उसने कहा कि आईपीएल टीम में अगर आपको दबाव और राजनीति लगती है तो उसका हजारों गुना भारतीय टीम की कोचिंग में होता है। यह अच्छी सलाह थी। यह पद आकर्षक है लेकिन अभी मेरे लिए नहीं।'*

## आईपीएल

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
**741 रन**
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
**24 विकेट**
पंजाब

### बाउंड्री मीटर

**2132** चौके
**1237** छक्के

## क्वालिफायर-2 में राजस्थान को 36 रन से हराया, स्पिनर्स ने 5 विकेट लिए

# क्लासेन और गेंदबाजों ने सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में पहुंचाया

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

हेनरिक क्लासेन के अर्धशतक के बाद बाएं हाथ के स्पिनरों शाहबाज अहमद और अभिषेक शर्मा के फिरकी के जादू से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर में शुक्रवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। सनराइजर्स के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम ध्रुव जुरेल (35 गेंद में नाबाद 56, सात चौके, दो छक्के) और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (42) की उम्दा पारियों के बाजवूद सात विकेट पर 139 रन ही बना सकी। सनराइजर्स की ओर से शाहबाज ने 23 रन देकर तीन जबकि अभिषेक ने 24 रन देकर दो विकेट चटकाए। सनराइजर्स ने इससे पहले क्लासेन (34 गेंद में चार छक्कों से 50 रन) के अर्धशतक से नौ विकेट पर 175 रन बनाए। क्लासेन ने सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (34) के साथ चौथे विकेट के लिए 42 और शाहबाज (18) के साथ सातवें विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी भी की। राहुल त्रिपाठी ने भी (37) उपयोगी पारी खेली। रॉयल्स की ओर से आवेश खान (27 रन पर तीन विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (45 रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट चटकाए जबकि संदीप शर्मा (25 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट हासिल किए। फाइनल रविवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा।



शाहबाज मैन ऑफ द मैच

लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पावर प्ले में सलामी बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर (10) का विकेट गंवाकर 51 रन बनाए। जायसवाल ने भुवनेश्वर के पहले ओवर में छक्का जड़ा और फिर इस तेज गेंदबाज की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। कोहलर-कैडमोर ने सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस (30 रन पर एक विकेट) पर चौका मारा लेकिन फिर इसी ओवर में गेंद को हवा में लहराकर त्रिपाठी को कैच दे बैठे। जायसवाल ने छठे ओवर में भुवनेश्वर को निशाना बनाते हुए तीन चौके और एक छक्के से 19 रन जुटाए। जायसवाल ने शाहबाज का स्वागत छक्के के साथ किया लेकिन दो गेंद बाद इसी शॉट को दोहराने की कोशिश में अब्दुल समद को कैच दे बैठे। उन्होंने 21 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और तीन छक्के मारे। कप्तान संजू सैमसन (10) भी अगले ओवर में अभिषेक की गेंद पर एडेन मार्कराम के हाथों लपके गए। रॉयल्स ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 73 रन बनाए। अच्छी फॉर्म में चल रहे रियान पराग भी छह रन बनाने के बाद शाहबाज की गेंद पर अभिषेक को कैच दे बैठे। इसी ओवर में रविचंद्रन अश्विन (00) ने भी विकेटकीपर क्लासेन को कैच थमाया। शिमरोन हेटमायर भी चार रन बनाने के बाद अभिषेक की गेंद पर बोल्ड हो गए।

### हैदराबाद-175/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का अश्विन बो संदीप | 34 |
| अभिषेक का कैडमोर बो बोल्ट | 12 |
| त्रिपाठी का चहल बो बोल्ट | 37 |
| मार्कराम का चहल बो बोल्ट | 01 |
| हेनरिक क्लासेन बो संदीप | 50 |
| नितीश रेड्डी का चहल बो आवेश | 05 |
| अब्दुल समद बो आवेश | 00 |
| शाहबाज का जुरेल बो आवेश | 18 |
| पैट कमिंस नाबाद | 05 |
| जयदेव उनादकट रन आउट | 05 |

अतिरिक्त: 08
कुल:20 ओवर में नौ विकेट पर: 175 रन
विकेट पतन: 1-13, 2-55, 3-57, 4-99, 5-120, 6-120, 7-163, 8-170, 9-175
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-45-3, अश्विन 4-0-43-0, संदीप 4-0-25-2, आवेश 4-0-27-3, चहल 4-0-34-0

### राजस्थान-139/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| जायसवाल का समद बो शाहबाज | 42 |
| कैडमोर का त्रिपाठी बो कमिंस | 10 |
| संजू का मार्कराम बो अभिषेक | 10 |
| पराग का अभिषेक बो शाहबाज | 06 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 56 |
| अश्विन का क्लासेन बो शाहबाज | 00 |
| शिमरोन हेटमायर बो अभिषेक | 04 |
| पावेल का अभिषेक बो नटराजन | 06 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 05
कुल: 20 ओवर में सात विकेट पर: 139
विकेट पतन: 1-24, 2-65, 3-67, 4-79, 5-79, 6-92, 7-124
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 3-0-33-0, कमिंस 4-0-30-1, नटराजन 3-0-13-1, उनादकट 1-0-5-0, शाहबाज 4-0-23-3, अभिषेक 4-0-24-2, मार्कराम 1-0-10-0

## खबर संक्षेप



### सेंथिल कुमार, अभय क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**दोहा।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार और अभय सिंह 53500 डॉलर ईनामी राशि के क्यूएसएफ 3 स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। यह पीएसए विश्व टूर ब्रांज श्रेणी का टूर्नामेंट है। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने मिस्र के सातवीं वरीयता प्राप्त उमर मोसाद को 12-11, 11-3, 9-3 से हराया। चोट के कारण मोसाद ने 30 मिनट में कोर्ट छोड़ दिया। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय ने छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस के आगस्टे डुसोर्ड को 11-5, 5-11, 10-12, 11-5, 9-3 से मात दी।

## तीरंदाजी विश्व कप

# भारतीय मिश्रित टीम फाइनल में, अंतिम-4 में पहुंची दीपिका



एजेंसी ▶▶| येचियोन

ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में शुक्रवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई जबकि दीपिका कुमारी ने शानदार वापसी करके व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में जगह बनाई।

कंपाउंड महिला टीम बुधवार को ही फाइनल में पहुंच गई थी। ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने भारत का पहला पदक पक्का कर दिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने 16 तीरों में दो अंक ही गंवाते हुए मेजबान देश के हान सियुंगियोन और यांग जाएवोन को 158-157 से हराया। इससे पहले ज्योति और प्रियांश ने वियतनाम को 159-152 से हराया था। वहीं क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मेक्सिको को 156-155 से मात दी। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका ने लगातार चार जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई। वह रिकर्व वर्ग में अकेली भारतीय बची हैं।

### फ्रेंच ओपन : नागल का सामना खाचानोव से

*पेरिस। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल क सामना फ्रेंच ओपन के पहले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी रूस के कारेन खाचानोव से होगा। दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिला है। वह 2019 में प्रग्नेश गुणेश्वरन के बाद फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने। वह क्लेकोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम से पहले हालांकि अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। उन्हें मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में होल्गर रूने ने हराया। इसके बाद वह बोर्डो चैलेंजर और जिनीवा ओपन में भी पहले दौर में हार गए।*

## प्रो लीग : बेल्जियम से हारी भारतीय पुरुष हॉकी टीम




एजेंसी ▶▶| एंटवर्प

डिफेंस में चूक का खामियाजा भारतीय टीम को भुगतना पड़ा और दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम ने उसे एफआईएच प्रो लीग में 4-1 से हरा दिया। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पहले मैच में बुधवार को अर्जेंटीना को शूटआउट में 5-4 से हराया था।

पहला क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद बेल्जियम ने 22वें मिनट में कप्तान फेलिक्स डेनायेर के फील्ड गोल पर बढ़त बना ली। हाफटाइम के चार मिनट बाद अलेक्जेंडर हेनड्रिक्स ने मेजबान के लिये पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल किया। बेल्जियम के खिलाड़ियों की तेज रफ्तार पासिंग और बेहतरीन कौशल से भारतीय डिफेंस छितर बितर हो गया। बेल्जियम के लिए तीसरा गोल सेड्रिक चार्लियर ने 49वें मिनट में किया। भारत के लिए अभिषेक ने एकमात्र गोल किया लेकिन आखिरी मिनटों में हेंडरिक्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके बेल्जियम की जीत पर मुहर लगा दी।

भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी और इस बार उसे बेल्जियम ने 2-0 से हराया।

### जूनियर पुरुष हॉकी टीम डच क्लब से हारी



**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम मौजूदा यूरोप दौरे के तीसरे मैच में स्थानीय डच क्लब ब्रेडासे हॉकी वेरेनिजिंग पुश से 4-5 से हार गई। पहले मैच में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारत को बेल्जियम की जूनियर टीम ने पिछले मैच में 3-2 से हराया था। कप्तान रोहित (18वां मिनट), सौरभ आनंद कुशवाह (24वां मिनट), अंकित पाल (32वां मिनट) और अर्शदीप सिंह (58वां मिनट) ने भारत के लिए गोल दागे। भारतीय टीम अब 28 मई को मोंशेंग्लाबाख में जर्मनी से खेलेगी।

## सिंधू अंतिम-4 में पहुंची, अष्मिता हारकर बाहर

**कुआलालंपुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त हान युइ को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 55 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-12 से हराया। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू का सामना अब



इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी या थाईलैंड की बुसानन ओंगामरूंगफान से होगा। अन्य मुकाबलों में अष्मिता चालिहा को क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त झांग यि मैन ने 21-10, 21-15 से हराया।

आखिरी बार दो साल पहले सिंगापुर ओपन जीतने वाली सिंधू ने आक्रामक शुरुआत की और पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने वापसी की लेकिन तीसरे गेम में सिंधू ने उसे कोई मौका नहीं दिया।

**एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड**
The efficiency catalyst
CIN No. L72100DL1993PLC179154
**पंजी. कार्यालय** : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92
**कार्पोरेट कार्यालय** : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201305

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुपालन में तैयार किया गया** (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 मार्च, 2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2023 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 959.70 | 3,656.51 | 3,491.39 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | (112.71) | (1,204.53) | 145.98 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | (112.71) | (1,204.53) | 145.98 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | 8,250.19 | 8,250.19 | (438.53) |
| अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं) | | | |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | (0.007) | (0.070) | 0.009 |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | (0.007) | (0.070) | 0.009 |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | (0.007) | (0.070) | 0.009 |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | (0.007) | (0.070) | 0.009 |

टिप्पणी :
1) स्टैंडअलोन जानकारी

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 मार्च, 2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2023 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 949.22 | 3,619.08 | 3,494.88 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | (453.21) | (1,392.65) | 194.66 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | (453.21) | (1,392.65) | 194.66 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | (0.027) | (0.081) | 0.011 |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | (0.027) | (0.081) | 0.011 |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | (0.027) | (0.081) | 0.011 |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | (0.027) | (0.081) | 0.011 |

2) 2-उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/-
(निदेशक)

स्थान : नोएडा
दिनांक : 24 मई 2024

**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**
FRICK
CIN : L74899HR1962PLC002618
पंजीकृत कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद-121003
Telephone No. 01292275691-94 Email: fbd@frickmail.com www.frickweb.com

**31.03.2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31/03/2024 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31/12/2023 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31/03/2023 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31/03/2024 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31/03/2023 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | आय | | | | | |
| I | प्रचालनों से आय | 15,137.78 | 12,245.50 | 12,826.10 | 48,128.91 | 36,282.80 |
| II | अन्य आय | 356.14 | 302.80 | 185.06 | 1,239.84 | 644.20 |
| III | कुल आय (I+II) | 15,493.92 | 12,548.30 | 13,011.16 | 49,368.75 | 36,927.00 |
| IV | व्यय | | | | | |
| | उपभोग की गई सामग्रियों की कीमत | 9,853.73 | 7,702.04 | 8,312.55 | 32,654.48 | 25,562.77 |
| | तैयार सामान, चालू कार्य और स्टॉक इन ट्रेड की इनवेंट्रीज में परिवर्तन | 1,043.08 | 899.11 | (88.95) | 980.88 | (1,315.95) |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 1,722.98 | 1,501.15 | 1,512.96 | 5,989.70 | 5,106.44 |
| | वित्तीय लागत | 95.84 | 54.07 | 90.44 | 325.86 | 198.51 |
| | अवमूल्यन एवं अमोर्टाइजेशन व्यय | 71.49 | 60.38 | 56.63 | 238.39 | 215.38 |
| | अन्य व्यय | 1,282.06 | 994.58 | 1,292.96 | 3,886.73 | 3,303.39 |
| | कुल व्यय (IV) | 14,069.18 | 11,211.33 | 11,176.59 | 44,076.04 | 33,070.54 |
| V | कर से पूर्व लाभ (III-IV) | 1,424.74 | 1,336.97 | 1,834.57 | 5,292.71 | 3,856.46 |
| VI | कर व्यय | | | | | |
| | ए) वर्तमान कर | 354.27 | 333.96 | 591.15 | 1,339.40 | 1,100.00 |
| | बी) विलम्बित कर | (13.83) | 4.06 | (37.78) | (22.91) | (78.20) |
| | सी) पूर्ववर्ती वर्षों हेतु आयकर | (256.13) | - | (17.55) | (256.13) | (17.55) |
| | कुल कर (VI) | 84.31 | 338.02 | 535.82 | 1,060.36 | 1,004.25 |
| VII | अवधि हेतु कर के बाद लाभ (V-VI) | 1,340.43 | 998.95 | 1,298.75 | 4,232.35 | 2,852.21 |
| VIII | अन्य व्यापक आय (करों का शुद्ध) | | | | | |
| | ए. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं की जाएंगी : | (16.03) | (7.60) | (19.26) | (16.03) | (30.43) |
| | (ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा : | 26.85 | 1.91 | 4.85 | 4.03 | 7.66 |
| | बी. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत की जाएंगी : | (5.74) | - | - | - | - |
| | (ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा : | - | - | - | - | - |
| | कुल अन्य व्यापक आय (VIII) | 5.08 | (5.69) | (14.41) | (12.00) | (22.77) |
| IX | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (VII+VIII) | 1,345.51 | 993.26 | 1,284.34 | 4,220.35 | 2,829.44 |
| X | अन्य इक्विटी | | | | 27,311.77 | 23,115.42 |
| XI | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य) | 60.00 | 60.00 | 60.00 | 60.00 | 60.00 |
| | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (रु. / शेयर) | | | | | |
| | ए) बेसिक ईपीएस - वार्षिकृत नहीं | 223.41 | 166.49 | 216.47 | 705.42 | 475.40 |
| | बी) डायल्यूटिड ईपीएस - वार्षिकृत नहीं | 223.41 | 166.49 | 216.47 | 705.42 | 475.40 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 24.05.2024 को आयोजित इसकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए और रिकार्ड पर लिए गए और इसकी एक सीमित समीक्षा कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
2. कम्पनी प्राथमिक तौर पर इंडस्ट्रीयल रेफ्रीजरेशन और एयरकंडीशनिंग सिस्टम्स के निर्माण, आपूर्ति और निष्पादन के बिजनेस में लगी हुई है। चूंकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिम व वापसी के उसी प्रकार के सैट द्वारा अधिशासित है, अतः IND AS 108 ''ऑपरेटिंग सेगमेंट्स'' के अनुसार केवल एक रिपोर्टेबल सेगमेंट है।
3. निदेशक मंडल ने एक लाभांश यथा रु. .... प्रति शेयर (पूर्ववर्ती वर्ष रु. 4.00 प्रति शेयर अर्थात प्रत्यक्ष मूल्य का 40%) की अनुशंसा की है जो आगामी वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।
4. पूर्ववर्ती अवधियों / वर्ष हेतु आंकड़े आवश्यकतानुसार रिग्रुपड / रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं। 31 मार्च 2024 और 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही हेतु आंकड़े वित्तीय वर्ष की तृतीय तिमाही तक समीक्षाकृत वर्ष-से-तिथि आंकड़े और पूर्ण वित्तीय वर्ष के सम्बन्ध में अंकेक्षित आंकड़ों के बीच बैलेंसिंग आंकड़े हैं।

कृते व बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
जसमोहन सिंह
प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00383412

दिनांक : 24.05.2024
स्थान : दिल्ली







# एनडीए के दीक्षांत समारोह में 17 विदेशियों समेत 205 कैडेटों को मिली स्नातक की उपाधि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 146वें पाठ्यक्रम दीक्षांत समारोह के दौरान मित्र विदेशी देशों के 17 कैडेटों को भी डिग्री प्रदान की गई। इसके अलावा नौसेना और वायु सेना के 132 कैडेटों ने बीटेक विषय में भी 'तीन साल के पाठ्यक्रम' का प्रमाणपत्र प्राप्त किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 146वें पाठ्यक्रम का दीक्षांत समारोह गुरुवार को पुणे स्थित एनडीए के हबीबुल्लाह हॉल में आयोजित किया गया। कुल 205 कैडेटों को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से प्रतिष्ठित स्नातक की डिग्री प्रदान की गई।

*राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एनडीए के 146वें पाठ्यक्रम के दीक्षांत समारोह में 205 कैडेटों को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से प्रतिष्ठित स्नातक की डिग्री प्रदान की गई।*

### संगीतमय आरोहण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

इस कार्यक्रम में बसंत सत्र (स्प्रिंग टर्म)- 2024 की शैक्षणिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में कैडेटों ने साहसी और निडर घुड़सवारी प्रदर्शन के साथ सभी को मंत्रमुग्ध और आश्चर्यचकित कर दिया। इसके अतिरिक्त एनडीए के कैडेटों ने एक समकालिक त्रि-सेवा आक्रमण डेमो करके संयुक्त कौशल का प्रदर्शन किया। इसके बाद विशिष्ट आकाश गंगा टीम ने साहसी और लुभावनी स्काई डाइविंग प्रदर्शन किया। वहीं, कैडेटों ने अपने शारीरिक प्रशिक्षण मानकों को एक अच्छी तरह से सिंक्रनाइज और उत्साहजनक क्रम में प्रदर्शित किया, जिसमें रस्सी कूदने के व्यायाम और जिमनास्टिक युद्धाभ्यास शामिल थे।

### 82 कैडेटों को विज्ञान में मिली डिग्री

*कुल 82 कैडेटों को विज्ञान विषय में, 84 कैडेटों को कंप्यूटर विज्ञान विषय में और 39 कैडेटों को कला विषय में डिग्री प्रदान की गई। साथ ही, दीक्षांत समारोह के दौरान मित्र विदेशी देशों के 17 कैडेटों को भी डिग्री प्रदान की गई। इसके अलावा नौसेना और वायु सेना के 132 कैडेटों ने बीटेक विषय में भी 'तीन साल के पाठ्यक्रम' का प्रमाणपत्र प्राप्त किया। इन नौसेना और वायु सेना कैडेटों को उनके संबंधित प्री-कमीशन प्रशिक्षण अकादमिक संस्थानों- एझिमाला स्थित भारतीय नौसेना अकादमी और हैदराबाद के वायु सेना अकादमी में एक साल का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद डिग्री प्रदान की जाएगी।*

## बांग्लादेशी सांसद की हत्या में नए खुलासे, हनीट्रैप का शिकार हुए थे

# मर्डर के बाद हत्यारे ने चमड़ी तक निकाल ली, फिर टुकड़े-टुकड़े किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आए थे। वे अपने दोस्त गोपाल बिस्वास के साथ रह रहे थे, लेकिन कुछ दिनों बाद वे लापता हो गए। उन्हें आखिरी बार बंगाल की राजधानी के बाहरी इलाके न्यू टाउन में एक हाई-एंड अपार्टमेंट कॉम्पलेक्स में देखा गया था। यहां पर उनकी हत्या हुई थी। फिर हत्या के बाद हत्यारे ने चमड़ी तक निकाल ली, फिर टुकड़े-टुकड़े किए। अब इस मामले में यह पता चला है कि वह हनीट्रैप का शिकार हुए थे। उन्हें एक महिला अपने जाल में फंसाकर उस फ्लैट में लाई थी, जहां पर उनकी हत्या हुई थी।

शिलास्ती रहमान नाम की लड़की को ढाका की पुलिस ने हिरासत में लिया है। वह सांसद के दोस्त अख्तरुज्जान की प्रेमिका है। सांसद के साथ फ्लैट के अंदर गई थी और उसके साथ जो दो आदमी थे, वे कॉन्ट्रैक्ट किलर्स थे।

कोलकाता के एक पुलिसकर्मी ने ढाका से जानकारी देते हुए बताया कि जांच से पता चलता है कि सांसद हनी ट्रैप में फंस गए थे। ऐसा लगता है कि उन्हें महिला ने बहकाया था। हमें शक है कि फ्लैट पर जाने के तुरंत बाद उनकी हत्या कर दी गई।

*अब इस मामले में यह पता चला है कि वह हनीट्रैप का शिकार हुए थे। उन्हें एक महिला अपने जाल में फंसाकर उस फ्लैट में लाई थी, जहां पर उनकी हत्या हुई थी, जांच से पता चलता है कि सांसद हनी ट्रैप में फंस गए थे।*

*कोलकाता की पुलिस ने सुबह जिहाद हवलदार को अरेस्ट करके एक बड़ी सफलता हासिल की*



### चार लोग हत्या में शामिल

*बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आए थे। वे अपने दोस्त गोपाल बिस्वास के साथ रह रहे थे, लेकिन कुछ दिनों बाद वे लापता हो गए। उन्हें आखिरी बार बंगाल की राजधानी के बाहरी इलाके न्यू टाउन में एक हाई-एंड अपार्टमेंट कॉम्पलेक्स में देखा गया था। यहां पर उनकी हत्या हुई थी। अब इस मामले में यह पता चला है कि वह हनीट्रैप का शिकार हुए थे। उन्हें एक महिला अपने जाल में फंहनीट्रैप में फंसे सांसद अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी फुटेज में अनार एक महिला के साथ फ्लैट में एंट्री करते हुए नजर आ रहे हैं। इस बीच शिलास्ती रहमान की भूमिका की जांच में चाहे कुछ भी निकले। कोलकाता की पुलिस ने सुबह जिहाद हवलदार को अरेस्ट करके एक बड़ी सफलता हासिल की है। इसने पुलिस को कम से कम चार अन्य बांग्लादेशी लोगों के बारे में बताया जो इस हत्या में शामिल हो सकते है। इस लिस्ट में बांग्लादेशी मूल का अमेरिकी नागरिक अख्तरुज्जमां भी शामिल है। वह शायद इसका मास्टरमाइंड है और शिलास्ती रहमान को जानता था।*

### शव से मांस को अलग किया

अख्तरुज्जमा का इस वक्त कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस का मानना है कि वह शायद अमेरिका में है। इस पूरे के पूरे अपराध को कैसे अंजाम दिया गया। इस बारे में भी चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। हवलदार ने कहा कि उसके साथियों और उसने सांसद की हत्या की। शव की खाल उतारी और मांस को अलग कर दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया ताकि शव को पहचाना ना जा सके। साकर उस फ्लैट में लाई थी, जहां पर उनकी हत्या हुई थी।


### लड़की को ढाका पुलिस ने लिया हिरासत में

शिलास्ती रहमान नाम की लड़की को ढाका की पुलिस ने हिरासत में लिया है। वह सांसद के दोस्त अख्तरुज्जान की प्रेमिका है। सीसीटीवी में वहीं सांसद के साथ फ्लैट के अंदर गई थी और उसके साथ जो दो आदमी थे, वे कॉन्ट्रैक्ट किलर्स थे। कोलकाता के एक पुलिसकर्मी ने ढाका से जानकारी देते हुए बताया कि जांच से पता चलता है कि सांसद हनी ट्रैप में फंस गए थे। ऐसा लगता है कि उन्हें महिला ने बहकाया था। हमें शक है कि फ्लैट पर जाने के तुरंत बाद उनकी हत्या कर दी गई। उसने बताया कि हड्डियों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा गया। उसके बाद उन्हें प्लास्टिक की थैली में पैक किया। फिर कोलकाता ले जाया गया और फेंक दिया गया। पुलिस का यह भी मानना है कि शव के कुछ हिस्सों को फेंकने से पहले फ्लैट में फ्रिज में रखा गया था। सीसीटीवी की फुटेज में एक आरोपी को बड़े सूटकेस के साथ फ्लैट के बाहर निकलते हुए देखा गया है।

## रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज किए, परमाणु अभ्यास भी शुरू

# रूस ने ब्रिटेन को दी हमले की चेतावनी, यूके में अलर्ट जारी

मिसाइल से हमले हुए तो रूस चुप नहीं बैठेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन को सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि अगर मॉस्को पर उसके मिसाइल से हमले हुए तो रूस चुप नहीं बैठेगा और यूनाइटेड किंगडम पर पलटवार करेगा।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा है कि अगर यूक्रेन ने रूसी शहरों पर हमला करने के लिए ब्रिटिश हथियारों का इस्तेमाल किया तो मॉस्को ब्रिटिश ठिकानों पर जवाबी हमले की कार्रवाई करेगा। जखारोवा ने संवाददाताओं से कहा कि अगर हमारी चेतावनी के बाद भी ब्रिटेन नहीं संभलता है, तब मॉस्को भी यह भूल जाएगा कि वह यूक्रेन की सीमाओं के अंदर या बाहर के ब्रिटिश ठिकानों को निशाना बना रहा है। इससे पहले भी इस महीने की शुरुआत में मॉस्को ने लंदन को इसी तरह की चेतावनी जारी की थी। रूस की तब ऐसी प्रतिक्रिया ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरन के उस बयान पर आई थी, जिसमें कैमरन ने कहा था कि यूक्रेन को यह अधिकार है कि वह रूस के अंदरूनी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए लंदन द्वारा उपलब्ध कराए गए हथियारों का इस्तेमाल कर सके।

### 25000 से ज्यादा सैनिकों को उतारा युद्धाभ्यास में

इस बीच, रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं और परमाणु अभ्यास भी शुरू कर दिया है। रूस ने यूक्रेन से सटे 13 क्षेत्रों में 25000 से ज्यादा सैनिकों को युद्धाभ्यास के लिए उतारा है। जिन क्षेत्रों में यह ऑपरेशन हो रहा है उनमें रोस्तोव, बेल्गोग्राद, कल्मीकिया, क्रासनोदर काई, अदीगिया और इंगुशेतिया शामिल हैं। ये इलाके यूक्रेन से लेकर जॉर्जिया और लिथवानिया तक फैले हुए हैं। इसे देखते हुए ब्रिटेन ने अलर्ट जारी किया है और लोगों से सीमाई इलाकों में तीन दिनों का रसद जमाकर रखने को कहा है।




## इस खौफनाक हत्याकांड ने बॉलीवुड को हिला दिया

# लैला खान हत्या मामले में कोर्ट ने पिता परवेज को सुनाई फांसी की सजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



मुंबई की सत्र अदालत ने 2011 में चर्चित अभिनेत्री लैला खान और पांच अन्य की हत्या के मामले में सौतेले पिता परवेज टाक को फांसी की सजा सुनाई है। जबकि सबूत मिटाने के लिए कठोर कारावास की सजा दी गई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन पवार ने नौ मई को टाक को हत्या और सबूतों को नष्ट करने के अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत अन्य अपराधों का दोषी पाया था। इस पर फैसला शुक्रवार को सुनाया गया कि दोषी को क्या सजा दी जाएगी।

*सरकारी पक्ष ने कोर्ट से आरोपी को मौत की सजा देने की मांग की थी। इस मामले में सरकारी पक्ष का दावा है कि इस सहमा देने वाले हत्याकांड ने बॉलीवुड जगत समेत पूरे भारत में सनसनी फैला दी थी।*

### लैला, मां और उनके चार भाई-बहनों की हुई थी हत्या

*अभिनेत्री लैला, उनकी मां और उनके चार भाई-बहनों की साल 2011 के फरवरी में महाराष्ट्र के नासिक जिले के इगतपुरी में हत्या कर दी गई थी। परवेज टाक लैला की मां सेलिना का तीसरा पति था। लैला, उनकी मां और उनके चार भाई-बहनों की फरवरी 2011 में महाराष्ट्र के नासिक जिले के इगतपुरी स्थित उनके बंगले में हत्या कर दी गई थी। गुमशुदगी की शिकायत लैला के पिता नादिर पटेल ने दर्ज करवाई थी।*

### शवों को स्विमिंग पूल के गड्ढे में मिट्टी डालकर छुपाया

*पुलिस से बचने और सबूत छिपाने के लिए परवेज ने छह शवों को फार्महाउस के स्विमिंग पूल के गड्ढे में मिट्टी डालकर और गद्दों के नीचे दबा दिया था। ओशिवारा पुलिस स्टेशन में 4 जुलाई 2012 को ये मामला दर्ज किया गया था। जिसे बाद में अपराध शाखा की यूनिट 8 को जांच दे दी गई। यूनिट 8 के प्रमुख वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दीपक फटांगरे के नेतृत्व में जांच शुरू की गई और आरोपी परवेज टाक को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ से पुलिस पकड़कर मुंबई ले आई।*

### फार्महाउस में बेरहमी से सभी का कत्ल कर दिया

*सरकारी पक्ष ने कोर्ट से आरोपी को मौत की सजा देने की मांग की थी। सरकारी पक्ष का दावा है कि यह बेहद ही दुर्लभ मामला है और 2012 में सामने आए इस खौफनाक हत्याकांड ने बॉलीवुड जगत समेत पूरे भारत में सनसनी फैला दी थी। पुलिस के मुताबिक साल 2011 में आरोपी और सौतेले पिता परवेज टाक लैला खान, उसकी मां सेलिना, जुड़वां भाई-बहन जारा और इमरान, बड़ी बहन आफरीन पटेल और भतीजी रेशमा खान को इगतपुरी के एक फार्महाउस में ले गया ।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109